# चांदी आल टाइम हाई, कीजिये कमाई

शैलेश अवस्थी, कानपुर

**अमृत विचार।** जबरदस्त औद्योगिक मांग के चलते चांदी लंबी छलांग लगाती और अपने भाव के सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 1,08,200 रुपये किलो पर पहुंच गई। बीते गुरुवार को दाम 1,0,4500 रुपये थे। दाम अभी और बढ़ सकते हैं। यदि आपने पांच महीने पहले एक किलो चांदी खरीदी है तो कोई 19 हजार रुपये शुद्ध मुनाफा है।

28 मार्च 2025 को चांदी 1,0,4000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच कर अपने सर्वोच्च भाव पर थी। 22 अप्रैल को सोना अपने सभी रिकार्ड तोड़ता हुआ 1,0,450 प्रति 10 ग्राम पर जा चढ़ा था। इसके बाद दोनों ही धातुओं के दाम गिरने लगे थे। गुरुवार को चांदी अपने भाव के सभी रिकार्ड तोड़ते हुए 1,08200 रुपये किलो पर पहुंच गई। सोना सहम कर 99500 रुपये 10 ग्राम पर आ गिरा।

उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन के मंत्री राम किशोर मिश्र का कहना है कि रूस और यूक्रेन के बीच तनातनी, निवेश में बढ़ता विश्वास, अंतराष्ट्रीय और जबरदस्त औद्योगिक मांग के कारण चांदी के भाव चरम पर हैं। हां, इसकी रिटेल बिक्री बेहद कम हो गई है। अभी दाम और बढ़ सकते हैं।



- **28 मार्च को थी अपने चरम पर, अब फिर तोड़ा अपना ही रिकार्ड**
- **सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 1,08,200 रुपये किलो पर पहुंच गई**

### कैसे और कितना मुनाफा

- 1 जनवरी 2025 को सोना 78600 रुपये का 10 ग्राम था और अब 99,500 का 10 ग्राम। यानि लगभग पांच महीने में 20000 का मुनाफा। इसी तरह चांदी 1 जनवरी को 88600 और अब 1,08200 रुपये किलो। यानि लगभग 19 हजार का फायदा।

### मिठाई से लेकर हवाई जहाज तक इस्तेमाल

- चांदी मुश्किल से गलती है, इसलिए वेल्डिंग में भी इस्तेमाल की जाती है। ये मोबाइल, हवाई जहाज, सेना के हथियार, बिजली तार, कलपुरजे बनाने के दौरान वेल्डिंग करने में भी काम आती है। मूर्तियां, बर्तन, सिक्के, गहने और मिठाई के वर्क में इस्तेमाल की जाती है।

### यूं बढ़ी, घटी और अब फिर शिखर पर चांदी

- 22 अप्रैल को 98000, 30 अप्रैल को 98300, 1 मई को 95800, 6 मई को 98800, 12 मई को 96500, 17 मई को 98200, 31 मई को 99800, 3 जून को 1,03,250, 5 जून को 1,0,4500 और अब 1,0,8200 रुपये प्रति किलो दाम।

# बस अड्डे के बाहर अराजकता रोकने को तीसरा पत्र लिखा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **प्रदेश के सभी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधकों को लिखा गया तीसरा पत्र**

**अमृत विचार।** झकरकटी बस अड्डा के अंदर आने के बजाय बाहर ही पुल के ऊपर बसें सवारी भर रही हैं। जिससे झकरकटी पुल भीषण जाम की चपेट में रहता है। अब झकरकटी बस अड्डा के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज तिवारी ने प्रदेश के सभी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधकों को तीसरी बार पत्र लिखा है कि वे अपने चालक, परिचालकों को निर्देशित करें कि बाहर के बजाय बसों को बस अड्डा के अंदर लाएं और अड्डा के अंदर सवारी उतारें एवं बिठाएं।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज तिवारी ने बताया कि 8 नवंबर 2024 एवं 16 नवंबर 2024 को सभी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को इस बाबत पत्र लिखा गया था लेकिन कोई दिशा निर्देश जारी नहीं होने के कारण अब 2 जून 2025 को पुनः तीसरी बार पत्र लिखा गया है।

उन्होंने बताया कि ऐसी बसों पर जुर्माना लगाया जाएगा जो बस अड्डा के अंदर आने के बजाए बाहर सवारी उतार और बिठा रही हैं। ऐसे बस चालक, परिचालकों की सूची संबंधित डिपो को भेजी जाएगी। उसके बाद भी बस अड्ड़ा के बाहर अराजकता नहीं रोकी गई तो ऐसे बस चालक, परिचालकों पर निलंबन की गाज गिरना तय है।



गुरुद्वारा में सामूहिक अरदास करती संगत। अमृत विचार

# ऑपरेशन ब्लू स्टार का किया विरोध, कीर्तन समागम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार के निर्देश पर गुरुद्वारा दुख निवारण संकट हरण सरसैया घाट पर ऑपरेशन ब्लू स्टार के विरोध में कीर्तन समागम, श्रद्धांजलि सभा एवं सामूहिक अरदास की गई। इस ऑपरेशन में दरबार साहिब एवं श्री अकाल तख्त साहिब पर तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा टैंकों से हमला करके बड़ी संख्या में निर्दोषों को मौत के घाट उतारने का आरोप है।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सिख फाउंडेशन द्वारा गुरुद्वारा में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में सिख पुरुष काली पगड़ी पहने हुए थे जबकि महिलाएं काला दुपट्टा लिए हुए थीं। बच्चे भी काली दस्तार पहने हुए इस घटना का 41 साल बाद विरोध कर रहे थे। ज्ञानी दलबीर सिंह ने शब्द कीर्तन किया। उ.प्र. अल्पसंख्यक आयोग के निवर्तमान सदस्य सरदार परविंदर सिंह एवं फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह छाबड़ा ने विचार रखे। सरदार रविंद्र सिंह रिंकू, सरदार कुलबीर सिंह महाजन, राजू वालिया, हरमीत सिंह, सरदार कमलजीत सिंह भाटिया, सुरेंद्र पाल सिंह रूहानी, सरदार हरिंदर पाल सिंह, मंजीत सिंह चड्ढा, सरदार सुरजीत सिंह ओबेरॉय, दलजीत कौर, नीता मनप्रीत कौर एवं स्त्री सत्संग के जत्था शामिल थे।

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**कानपुर।** महाराजपुर में सड़क हादसे में घायल 16 वर्षीय साहिल की गुरुवार शाम उपचार के दौरान मौत हो गई। बड़े भाई शमीम ने बताया कि साहिल बाइक मरम्मत का काम करता था। 13 मई की रात को वह जाजमऊ स्थित दुकान में काम कर बाइक से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान शेखपुर पुलिया के पास किसी तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। जिससे वह घायल हो गया था। बेटे की मौत पर पिता अब्दुल समद व मां शाहजहां का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ट्रेन के आगे कूदा

**कानपुर।** सेन पश्चिमपारा में पत्नी से कहासुनी के बाद युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। सेन पश्चिमपारा के नयापुरवा निवासी 34 वर्षीय राजेश राजपूत प्लंबर का काम करता था। परिवार में पत्नी प्रिया और दो बच्चे हैं। चचेरे भाई दुर्गेश के अनुसार राजेश शराब का लती था। शराब पीकर आने के बाद पत्नी से विवाद और मारपीट करता था। गुरुवार देर शाम राजेश शराब के नशे में आया। पत्नी ने विरोध किया तो विवाद होने लगा। कहासुनी के बाद राजेश घर से भाग गया और बिनगवां स्थित रेलवे लाइन पर ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी।

### घायल की मौत

**कानपुर।** सचेंडी हाईवे पर मंगलवार सुबह मौरंग लदा डंपर दूसरे डंपर में घुस गया था। परिचालक गौरव की मौत हो गई थी, मूसानगर निवासी चालक अंकित सिंह यादव ने भी अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# नरोना-किदवई नगर तक एलिवेटेड रोड सिंगल पिलर पर ही बनेगी

## घंटाघर, टाटमिल और आस-पास खत्म हो जाएगा, केडीए ने शुरू की कवायद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नरोना चौराहा से घंटाघर, टाटमिल होते हुए किदवई नगर तक जाने वाली सड़क पर एलिवेटेड रोड का निर्माण सिंगल पिलर पर होगा। इसके निर्माण से घंटाघर, नरोना चौराहा, टाटमिल चौराहा और किदवई नगर चौराहा पर लगने वाला जाम समाप्त हो जाएगा। साथ ही लोगों को आवागमन में भी आसानी होगी। नरोना चौराहा से किदवई नगर की दूरी छह किलोमीटर है। यह एलिवेटेड रोड पूरी छह किलोमीटर नहीं बनेगी, जहां- जहां जरूरत है वहीं इसका निर्माण होगा। जल्द इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार होगी। चूंकि केडीए इसके निर्माण के लिए धनराशि खर्च करने जा रहा है ऐसे में शासन से बजट लेने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रोजेक्ट भी आसानी से निर्धारित अवधि में पूरा हो जाएगा।

शहर में जाम बड़ी समस्या है। दक्षिण क्षेत्र जैसे किदवई नगर, नौबस्ता, गोविंद नगर, यशोदानगर, कर्रही, बर्रा, विश्व बैंक बर्रा, साकेत नगर, बारादेवी आदि इलाकों में रहने वाले लोगों को सिविल लाइंस, घंटाघर, मालरोड, आर्यनगर, स्वरूप नगर आदि क्षेत्रों में आने के लिए कई जगहों पर जाम से जूझना पड़ता है। कई बार तो लोगों की ट्रेन तक छूट जाती है क्योंकि किदवईनगर की तरफ से आते समय सबसे ज्यादा जाम टाटमिल चौराहे पर लगता है। टाटमिल चौराहा पार करने के बाद घंटाघर पुल और घंटाघर चौराहे पर जाम से जूझना पड़ता है।

इसी तरह जो लोग गोविंद नगर की ओर से फजलगंज होकर सेंट्रल स्टेशन या सिविल लाइंस आते हैं उन्हें चावला मार्केट व नंदलाल चौराहा, फजलगंज में जाम की समस्या से दो चार होना पड़ता है। इन समस्याओं के समाधान के लिए ही शहर में कई जगहों पर एलिवेटेड रोड बनाए जाने हैं। मरियमपुर चौराहा से बर्रा बाईपास तक और नरोना चौराहा से घंटाघर, टाटमिल होते हुए किदवई नगर तक एलिवेटेड रोड बनना है। जल्द ही केडीए इस बात का निर्धारण कर लेगा कि नरोना चौराहा से किदवई नगर के बीच कहां- कहां एलिवेटेड रोड बनेगी। इसके निर्माण में 750 करोड़ रुपये खर्च होने हैं।



टाटमिल पर रोज लगता है जाम। अमृत विचार

- **06** किमी पूरी सड़क एलिवेटेड नहीं बनेगी
- **750** करोड़ रुपये खर्च होने हैं इसके निर्माण पर
- **03** लेन की एलिवेटेड रोड बनेगी वीआईपी रोड
- **300** करोड़ लागत आएगी वीआईपी रोड पर
- केडीए करेगा निर्माण में खर्च डीपीआर जल्द

### मेघदूत तिराहा से मिलन गेस्ट हाउस तक एलिवेटेड रोड

**कानपुर।** वीआईपी रोड पर लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए वीआईपी रोड पर तीन लेन की एलिवेटेड रोड बनेगी। इस मार्ग का निर्माण मेघदूत तिराहा से मिलन गेस्ट हाउस तक होगा। इस मार्ग पर छह साल पहले एलिवेटेड रोड बनाने की योजना बनी थी। तब लोक निर्माण विभाग ने इसकी लागत 125 करोड़ रुपये आंकी गई थी, लेकिन उस समय उचित पैरवी न हो पाने के कारण प्रोजेक्ट की फाइल आलमारी में बंद हो गई थी। अब मंडलायुक्त ने जाम की समस्या के समाधान को लेकर प्रक्रिया शुरू की है तो उम्मीद है कि जल्द ही इसके निर्माण के लिए टेंडर व अन्य कार्य होंगे। वीआईपी रोड के आसपास कई डिग्री कॉलेज, इंटर कालेज और कक्षा एक से इंटर तक के स्कूल हैं। इसके साथ ही न्यायालय, कलेक्ट्रेट, पुलिस आफिस, आनंदेश्वर मंदिर भी है। इस वजह से इस मार्ग पर जबरदस्त भीड़ लगती है और इस वजह से जाम लग जाता है।

# 5 तस्कर गिरफ्तार, 28 किलो गांजा बरामद

**कानपुर।** कर्नलगंज पुलिस ने 28 किलो गांजे के साथ पांच गांजा तस्करों को पकड़ा है। बैग और ट्राली वैग में गांजा भरकर सप्लाई करते हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में इनके गांजा बेचने वालों से संपर्क हैं।

डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह के अनुसार गुरुवार रात कर्नलगंज पुलिस जीआईसी के पास चेकिंग कर रही थी। तभी कई युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। यह देख पुलिस ने घेराबंदी की और सभी को पकड़ लिया। पूछताछ व तलाशी के दौरान युवकों के पास मौजूद टॉली और पिट्ठू बैग से करीब 28 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपियों ने अपने नाम विहार के छपरा ईश्वरपुर निवासी निरंजन सिंह, महोवा के चरखारी सिजौरा गांव निवासी धीरेंद्र और प्रवेंद्र उर्फ प्रवीन, निटर्रा गांव निवासी नरेंद्र व काकून गांव निवासी रवि प्रकाश बताया। डीसीपी ने बताया कि पांचों आरोपी छात्र बनकर ट्रेन से उड़ीसा जाते, फिर वहां से गांजा लेकर आते। प्रदेश के जिलों में सप्लाई करते हैं। तस्कर बस व लोकल सवारियों के माध्यम से गांजा की सप्लाई करते थे। कर्नलगंज थाना प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जेल भेजा गया है। आरोपियों के खिलाफ कई थानों में मुकदमें दर्ज हैं। आरोपी नरेंद्र कुमार सरगना है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## सार-संक्षेप



सीएसए वाटिका में पौधरोपण किया गया। अमृत विचार

### सीएसए विवि में बनी योग वाटिका

**कानपुर।** सीएसए विवि में शुक्रवार को योग वाटिका की शुरुआत सीएसए विवि के कुलपति डॉ. एके सिंह ने पौधा लगाकर की। विश्विविद्यालय में संग्रहालय के पास एक एकड़ भूमि में बनी योग वाटिका में औषधीय पौध भी लगाए गए। विवि के कुलपति डॉ. एके सिंह ने बताया कि इस वाटिका में योग करके छात्र अपने स्वास्थ्य में सुधार कर सकेंगे। प्रो. विवेक कुमार त्रिपाठी, अधिष्ठाता उद्यान महाविद्यालय ने बताया कि विश्वविद्यालय के अंदर 100 वर्ष पुराने तालाब का सौंदर्यीकरण कराते हुए चंदन वाटिका का निर्माण कार्य अधिष्ठाता वानिकी प्रो कौशल कुमार की देखरेख में प्रारंभ किया गया। कुलपति ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों और छात्रों के साथ 21 चन्दन के पौधे रोपित किए। इस अवसर पर डॉ. सीमा सोनकर, अधिष्ठाता गृहविज्ञान संकाय, डॉ. विजय यादव, डॉ सरवेंद्र गुप्ता, प्रो. अखिलेश मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

**सूचना**

मै चन्द्रभान पुत्र स्व0 राम प्रसाद निवासी ग्राम रहीमपुर करीमपुर बिल्हौर कानपुर नगर घोषित करता हूं कि मेरे बेटे ब्रजेश उर्फ शेरा और मेरा दूसरा पुत्र सर्वेश कुमार उर्फ सिन्टु तथा पुत्रवधू अकांक्षा पत्नी ब्रजेश का चाल चलन मेरे प्रति ठीक नहीं है जिससे छुब्द होकर मैं तीनो को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं तथा इनके किसी प्रकार के कृत्यों की जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी।

# बहू ने मां के साथ मिलकर सास को पीटा, चाकू मारी

**कानपुर।** घरेलू विवाद में बहू ने अपनी मां के साथ मिलकर सास के साथ मारपीट की और हाथ में चाकू मारकर घायल कर दिया। पीड़िता ने शुक्रवार को पनकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सराय मीता निवासी अर्चना तिवारी पत्नी शिवकिशोर ने बताया कि बहु दीपिका तिवारी आए दिन कलह करती है। शुक्रवार को उसने अपनी मां सुधा अवस्थी को बुलाकर गाली-गलौज की। विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बहू ने हाथ में चाकू मार दिया, जिससे उसे गंभीर जख्म है। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

दूसरी ओर पनकी में कपली लहेडा गांव निवासी रामखेलावन की पत्नी पार्वती ने बताया कि उनका बेटा राजू नशे का लती है। नशे के लिए पैसे की मांग करता है। न देने पर घर में कलह करता है। दो जून की शाम को घर में नशे की हालत में झगड़ा करने लगा। इसका विरोध किया तो उसने डंडे से उसे पीटा। उसका हाथ टूट गया।

# रक्तदान जागरुकता को चलेगा पूरे सप्ताह अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रक्तदान हर सक्षम व्यक्ति को करना चाहिए। रक्त को बनाया नहीं जा सकता है, यह सिर्फ दान से ही प्राप्त हो सकता है। रक्तदान के प्रति लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए 14 जून विश्व रक्तदाता दिवस तक पूरे सप्ताह जागरूकता अभियान स्वास्थ्य विभाग चलाएगा।

उर्सला अस्पताल के सभागार में शुक्रवार को सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने 14 जून को होने वाले विश्व रक्तदाता दिवस के संबंध में बैठक की, जिसमे उर्सला, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, मरियमपुर, रीजेंसी समेत करीब 30 ब्लड बैंक के प्रभारी व उनके सहयोगी मौजूद रहे। सीएमओ ने प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन द्वारा दिए गए निर्देशों से सभी को अवगत कराया। कहा कि आवश्यकतानुसार रक्त संग्रहण व अधिक से अधिक रक्तदाताओं का पंजीकरण करने के लिए 14 जून से एक सप्ताह पहले से रक्तदान के संबंध में जागरुकता कार्य आयोजित किए। ग्राम पंचायत स्तर पर भी स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन जाए। 14 जून को सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला स्तरीय अस्पताल में रक्तदाताओं के ब्लड ग्रुप की जांच की जाए, ताकि ब्लड ग्रुप की जानकारी होने पर आकस्मिकता के समय रक्तदान किया जा सकें। रक्त केंद्रों द्वारा प्रस्तावित रक्तदान शिविर व शिविर में रक्त संग्रहण का विवरण ई-रक्तकोष पोर्टल में अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए। रक्तदाताओं की सूची, फोटो व न्यूज पेपर की कटिंग रक्त संग्रहण का विवरण राज्य संचरण परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है।

### 10 प्रतिशत से कम लोग ही करते रक्तदान

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.सुबोध प्रकाश ने बताया कि देश की कुल आबादी का केवल 37 प्रतिशत लोग ही रक्त देने के लिए पूर्ण रूप से योग्य हैं और जो लोग दान कर सकते हैं उनमें से भी 10 प्रतिशत से भी कम लोग सालाना रक्तदान करते हैं। कुछ लोगों के मन में इस बात को लेकर भी भ्रम है कि रक्तदान करने से कमजोरी आती है या फिर उनकी सेहत पर इसका नकारात्मक असर पड़ेगा। लेकिन ऐसा नहीं है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरे पांच पुत्र क्रमशः प्रदीप कुमार, पिकू उर्फ आलोक, लालजी, रिंकू, शनि उर्फ सुमित हैं। जिनमें शनि उर्फ सुमित का चाल चलन ठीक नहीं है। वह अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है और हम लोगों से अलग रहता है। उसके गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते मैंने व मेरे सभी पुत्रों ने उससे संबंध विच्छेद कर लिये हैं। मैंने उसे समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगा- **मुन्नी देवी पत्नी राम आसरे, निवासी- बरौनाकलां, थाना -ऐरवाकटरा, तहसील -बिधूना, औरैया।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र SURENDRA KUMAR JC 675289M, Rank SUB/SKT के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम KUSHMA DEVI एवं जन्मतिथि 01.07.1962 दर्ज है। जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम KUSUMA DEVI एवं सही जन्मतिथि 02.11.1961 है जो कि मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में भी अंकित है। KUSHMA DEVI एव KUSUMA DEVI दोनों मेरे ही नाम हैं। **कुसमा देवी पत्नी स्व0 अर्जुन निवासी-ई-1/750, विनय खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ**

**सूचना**

मेरी एल आई सी पालिसी नंबर 276750937 में मेरा घरेलू नाम श्रीमती पत्नी राम सजीवन दर्ज है, जबकि आधार आदि अभिलेखों के अनुसार मेरा सही नाम **निशा पत्नी राम सजीवन नि0- ग्राम जगतपुर भिचकौरा पो0 बेहटा कला जिला रायबरेली** है।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अभिनव वर्मा उर्फ साजन पुत्र शशि कुमार से सभी प्रकार के संबंध समाप्त कर लिया है और उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा उससे कोई वास्ता सरोकार नहीं है। अपने द्वारा किए गए कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **शशि कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी गौवनहा थाना खीरों जिवरायबरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **अफरीन बानो पत्नी मो. आसिफ कुरैशी सुल्तानपुर रोड, इस्लामिया कालेज, राही जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में शहनूर बानो लिखा है, जो गलत है। उसके जन्म प्रमाण पत्र में अनम कुरैशी लिखा हुआ है, जो कि सही है। अतः मेरी पुत्री के आधार कार्ड में शहनूर बानो के बजाय अनम कुरैशी किया जाए, जो कि सही है।

**सूचना**

मेरे सभी दस्तावेज में मेरा नाम जकाउल्लाह खान है, जबकि मेरी एलआईसी पॉलिसी नंबर-277234849 में गलती से जफरुल्लाह खान हो गया है, जबकि जफरुल्लाह खान और जकाउल्लाह खान एक ही आदमी हैं। मेरा सही नाम जकाउल्लाह खान ही है, भविष्य में मुझे जकाउल्लाह खान के नाम से जाना-पहचाना जाए। - **जकाउल्लाह खान पुत्र ऐजाज मोहम्मद खां, निवासी सिपहिया कोटवा, फैज़ाबाद, उ.प्र.।**

**सूचना**

मैं **मकबूल अहमद उम्र 54 वर्ष पुत्र हबीब अहमद निवासी-ग्राम हुनहुना परगना बसौढी तहसील रुदौली जिला अयोध्या उ.प्र.** का मूल निवासी हूँ। मेरी पांच संतान क्रमशः मंसूर भट्ट, मासूम महफूज पुत्रगण मकबूल अहमद व साबरीन (तलाक शुदा) आफरीन अविवाहित है। मंसूर भटट की शादी हो चुकी है। अन्य पुत्र-पुत्रियों की शादी और परिवार की जिम्मेदारी मेरे ऊपर है। मैं अक्सर बीमार रहता हूँ, परिवार की आय का कोई साधन नहीं है। इस समय मेरे पुत्र मंसूर भट्ट व बहू सुरैया मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। उनका चाल-चलन भी ठीक नहीं है। आये दिन नाजायज काम करते हैं। दोनों मुझसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं रखते और असामाजिक तत्वों के बहकावे में आकर मुझको बहुत तंग कर रहे हैं। मैं अपने पुत्र मंसूर भट्ट व बहू सुरैया को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इनसे हर प्रकार के सम्बंध समाप्त कर रहा हूँ। इनके द्वारा जो भी लेन-देन, कृत्य अब या भविष्य में किया जाता है तो मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

जन साधरण को सूचित किया जाता है की नीरू बरूआ एवं रत्ना बरूआ एक ही महिला का नाम है। इनका आधार कार्ड रत्ना बरुआ के नाम पर बना है।



**पता - बी/9 गेट न0 08 राज भवन परिसर उ0प्र0 लखनऊ, मो0- 9125744069**

**रणनीति** केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर होंगे विशेष जनसंपर्क अभियान

# घर-घर पहुंचेगी भाजपा, अमृत काल पर अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा विशेष अभियान चलाएगी। पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं, सफलताओं और जनहितकारी नीतियों की जानकारी देंगे। जनसंपर्क अभियानों की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के महामंत्री (संगठन) धर्मपाल शहर दौरे पर आए। उन्होंने सांसद रमेश अवस्थी के आवास पर पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की चर्चा की।

धर्मपाल ने कहा कि यह अभियान विकसित भारत का अमृत काल की भावना को समर्पित होगा। जनसंपर्क अभियान 9 जून से प्रारंभ होकर 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक चलेगा। सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते 11 वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। इस दौरान जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित, शिवराम सिंह, महेश त्रिवेदी, नीलिमा कटियार, रघुनंदन भदौरिया आदि रहे।



सांसद रमेश अवस्थी के साथ बैठक करते भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल और अन्य भाजपा नेता। अमृत विचार

### दक्षिण जिले में भी जिम्मेदारी की तय

भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में बैठक कर जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों को अभियान के बारे में जानकारी दी। 9 से 21 जून तक चलेगा। मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि अभियान के लिए दक्षिण जिले में गणेश शुक्ला को संयोजक एवं अर्जुन बेरिया, शिवम मिश्रा व संजीव बेरी को सह संयोजक बना कर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### अभियानों के संयोजकों की घोषणा हुई

**कानपुर।** भाजपा उत्तर के जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने शुक्रवार को आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक की। इस दौरान योग दिवस, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बलिदान दिवस, आपातकाल दिवस और वृक्षारोपण पखवाड़े के लिए संयोजक बनाए। गये। जिला मीडिया प्रभारी भाजपा कानपुर उत्तर अनुराग शर्मा ने बताया 21 जून को योग दिवस के लिये अनुपम मिश्रा को संयोजक बनाया गया। 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस के लिये अवधेश सोनकर और 25 जून आपातकाल दिवस के लिये संतोष शुक्ला को संयोजक बनाया गया है। इसी तरह 5 जून से 5 अगस्त तक वृक्षारोपण पखवाड़े की जिम्मेदारी धीरज बाल्मिकी को दी गई।

# छत के रास्ते घुसे चोर, नकदी-जेवर ले गए

**कानपुर।** किदवईनगर में छत के रास्ते घर में घुसे चोर नकदी व जेवर समेत डेढ़ लाख का माल पार कर ले गए।

जूही सफेद कालोनी में धर्मेंद्र गौतम के मकान में किराए पर रहने वाली लक्ष्मी पाल लोगों के घरों में खाना बनाती हैं। परिवार में पति मुनीश, बेटा विवेक और पिता जोर सिंह हैं। लक्ष्मी ने बताया कि बुधवार रात परिवार समेत कमरे में सो रही थीं। गर्मी के चलते मुख्य दरवाजा खुला था, छत के रास्ते घर में घुसे चोर अलमारी में रखे 42 हजार रुपये नकद और दो जोड़ी, पायल, मंगलसूत्र, नाक की कील, झुमकी समेत एक लाख रुपये से अधिक के जेवर समेट ले गए। किदवईनगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध युवक कैद हैं।

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग | स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
- आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
- डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
- पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
- नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
- हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क

खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

आगामी दिनों में धूप और गर्मी बढ़ेगी, फिलहाल पांच दिन तक बूंदाबांदी के आसार नहीं हैं

| 38.9° अधिकतम तापमान | 22.8° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 07 : 00 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# बच्ची से हैवानियत, तीन दिन से होश नहीं आया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


बच्ची को देखकर आईसीयू से बाहर निकलतीं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, साथ में मेडिकल कॉलेज प्राचार्य व प्रमुख अधीक्षक। अमृत विचार

- तीन साल की मासूम के साथ 26 वर्षीय दरिंदे ने किया दुष्कर्म, गला दबाया
- राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.बबीता सिंह चौहान ने बच्ची की देखी स्थिति

**अमृत विचार।** जिस बच्ची ने अभी तक ठीक से मम्मी-पापा भी बोलना नहीं सीखा था और अच्छे व खराब का अर्थ तक नहीं जानती थी। अपने नन्हें-नन्हें कदम से कुछ दूर तक ही चल रही थी, उस तीन साल की मासूम के साथ 26 वर्षीय दरिंदे ने इस कदर हैवानियत दिखाई की वह अब चुप है। तीन दिन से उसे होश नहीं आया। उसके चेहरे पर दर्द तारी है। शरीर पर चोटों के निशान हैं, उसको बार-बार झटके आ रहे हैं, अंदरूनी इंजरी है व गले में समस्या से सांस लेने में तकलीफ हो रही है। गंभीर स्थिति से बच्ची को निकालने के लिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज डॉक्टर पूर जोर कोशिश कर रहे हैं ताकि वह फिर से जीवन जी सके।

बांदा में 26 वर्षीय युवक तीन दिन पहले तीन साल की बच्ची का अपहरण कर घर से तीन किलोमीटर दूर जंगल ले गया था, जहां उसने बच्ची के साथ मारपीट करने के बाद दुष्कर्म किया और गला दबाया। उसके बाद वह उसे वहीं पर तड़पता हुआ छोड़कर चला गया था, जानकारी पर परिजन मासूम बच्ची को घायलावस्था में पास के अस्पताल ले गए, जहां पर बच्ची की हालत गंभीर देखते हुए उसे हैलट अस्पताल रेफर किया गया। हैलट अस्पताल में बीते तीन दिन पहले पुलिस व परिजनों ने बच्ची को भर्ती कराया, यहां पर बच्ची को डॉ.नेहा अग्रवाल की देखरेख में आईसीयू में भर्ती किया गया। साथ ही स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ.श्रुति गुप्ता ने भी बच्ची का इलाज शुरू किया, बच्ची को झटके आने पर न्यूरो विभाग के डॉक्टरों की मदद ली गई। हैलट अस्पताल में बच्ची के भर्ती होने की जानकारी पर शुक्रवार को राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.बबीता सिंह चौहान पहुंची, यहां पर उन्होंने बच्ची की हालत देखी और परिजनों से मुलाकात की। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला से बच्ची की स्थिति के बारे में जानकारी ली। प्राचार्य प्रो.संजय काला ने बताया कि बच्ची की स्थिति ज्यादा ठीक नहीं है, बाल रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ.शैलेंद्र गौतम व उनकी टीम, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉक्टर और न्यूरो विभाग की टीम मिलकर बच्ची का इलाज कर रही है।

अध्यक्ष ने बच्ची के संबंध में सभी जानकारी अवगत कराने के निर्देश दिए। बच्ची को देखने के बाद अध्यक्ष ने कॉलेज के प्राचार्य, हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह, डॉ.अनुराग राजौरिया व राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता के साथ मिलकर हैलट परिसर के बगीचे में एक पेड़ लगाया।

### गीत-संगीत


बाल भवन में कानपुर जिला बाल कल्याण समिति ने समर कैंप का आयोजन किया। इसमेंसांस्कृतिक कार्यक्रम की मनोहारी प्रस्तुति की गई। एडीएम सिटी डॉ .राजेश कुमार, महामंत्री राजीव महाना आदि थे।

## एक नजर

### सिंगर पापोन आज बिखेरेंगे जलवा



**कानपुर।** बॉलीवुड सिंगर पापोन के लाइव शो का आयोजन शनिवार को कानपुर क्लब में होगा। यह शहरवासियों के लिये पहला मौका होगा जिसमें बॉलीवुड के महशूर गायक पापोन अपनी प्रतिभा के माध्यम से शहरवासियों को भरपूर मनोरंजन से रोमांचित करेंगे। पापोन ने हिंदी सिनेमा में कई लोकप्रिय फिल्मों के गाने 'दम मारो दम' फिल्म के 'जियें क्यूं', 'दम लगा के हईशा' फिल्म के 'मोह मोह के धागे', हमारी अधूरी कहानी फिल्म के 'हमनवा', सुल्तान फिल्म के 'बुलेया' और स्पेशल 26 फिल्म के 'कौन मेरा' में अपनी आवाज दी है। शहरवासियों के लिये 7 जून की शाम यादगार साबित होगी।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन करें

**कानपुर।** पाण्डु नगर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि कानपुर के राजकीय/ निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश सत्र-2025 में प्रवेश के लिए आवेदन की निर्धारित अन्तिम तिथि दिनांक 5 जून थी जो अब 22 जून कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वेबसाइट पर आवेदन में सहायता के लिएविवरणी ई-फार्म में वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### प्रमुख सचिव आज शहर का करेंगे दौरा

**कानपुर।** प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिताज शनिवार को शहर आएंगे। वह 3 बजे लखनऊ से चलकर कानपुर पहुंचेंगे। इसके बाद नाला-नाली की सफाई, गंगा में गिर रहे नालों का निरीक्षण करने के साथ ही घाटों की स्वच्छता का जायजा लेंगे। माना जा रहा है कि वह यहां कई विकास कार्यों का निरीक्षण भी कर सकते हैं। शुक्रवार को उनके कार्यक्रम को लेकर अधिकारी तैयारियां करते रहे।

### छात्रा से छेड़खानी, धर्म परिवर्तन की धमकी

**कानपुर।** जाजमऊ में इंटर की छात्रा ने आरोप लगाया है कि दूसरे समुदाय का युवक छेड़खानी करता है। धर्म परिवर्तन कर शादी कर लेने की धमकी देता है। छात्रा के अनुसार युवक बीते कई माह से स्कूल आते समय छेड़खानी करता है। छात्रा ने इसकी अपने परिजनों से शिकायत की। परिजनों के साथ जाजमऊ थाने जाकर शिकायत की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### पनकी में टेस्टिंग सेंटर पर कैमरे लगे होने के बावजूद आरआई ने कर दिया खेल

# वैन हमीरपुर में, कानपुर में फिटनेस, आरआई निलंबित

**अंधेरनगरी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पनकी टेस्टिंग सेंटर पर फिटनेस के लिए वाहन का आना अनिवार्य होता
- रामादेवी समेत कई चौराहों पर खुलेआम चल रहे डग्गामार वाहन

**अमृत विचार।** आरटीओ आफिस में कैसे कैसे खेल चल रहे हैं, इसका एक उदाहरण सामने आया है। एक ओमनी वैन हमीरपुर में थी और कानपुर में गाड़ी निरीक्षक (आरआई) अजीत सिंह ने वाहन को फिटनेस प्रमाणपत्र जारी कर दिया। इसकी शिकायत ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से की गई जिसपर शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट कमिश्नर बीएन सिंह ने आरआई को निलंबित कर दिया।

कानपुर में पनकी क्षेत्र में वाहनों के लिए टेस्टिंग सेंटर बनाया गया है। जिस वाहन की फिटनेस होनी होती है, उसका टेस्टिंग सेंटर पर आना अनिवार्य है। यहां सेंटर में लगे कैमरों से वाहन की फोटो खींची जाती है कि इस वाहन मार्ग पर चलने के लिए फिट है। इंडीकेटर, हेड लाइट, रेडियम पट्टी, सारे कागजात की जांच होती है।

यदि वाहन में कोई कमी है तो उसे वापस कर देने का नियम है लेकिन दलालों की इतनी सेटिंग है कि यहां वाहन को बिना देखे ही फिटनेस दे दी जाती है। ऐसा ही करने पर आरआई अजीत सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है।

#### वाहन थाने में बंद था, मिल गई फिटनेस

आरटीओ विभाग में वाहनों की फिटनेस को लेकर बहुत खेल चलता है, कई बार ऐसा हुआ कि वाहन किसी थाने में बंद है, या कहीं दूसरे प्रांत में माल उतारने गया है लेकिन उक्त वाहन की फिटनेस यहां जुगाड़ से कर दी जाती है। कई बार ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। कई वर्ष पूर्व एक ट्रैक्टर थाना में बंद था और उसे फिटनेस दे दी गई थी जिसको लेकर बड़ा बवाल मचा था और जांच भी हुई थी लेकिन कुछ नहीं हुआ।

> एक ओमनी वैन हमीरपुर में थी लेकिन कानपुर में मोटर वाहन निरीक्षक अजीत सिंह ने उसे फिटनेस दे दी। जिसपर ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने उन्हें निलंबित कर दिया है।
>
> **आलोक कुमार सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन**


www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### डग्गामार वाहनों पर माफिया का कोड, सीज

कानपुर। शहर में हजारों प्राइवेट वाहन डग्गमारी कर रहे हैं। अब ऐसे वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए आरटीओ प्रवर्तन की टीम ने घेराबंदी शुरू कर दी है। कई वाहनों पर माफिया ने कोड डाल रखा है ताकि कोई उन्हें पकड़े नहीं लेकिन शुक्रवार को कई प्राइवेट वाहनों पर शिकंजा कसते हुए उन्हें सीज कर दिया गया। शुक्रवार को संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विदिशा सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन क्रमश: अंबुज, आरके वर्मा, कहकशां खातून, मानवेंद्र प्रताप सिंह, यात्री कर अधिकारी दिनेश कुमार, अनिल कुमार, दीपक सिंह की अगुवाई में हाईवे पर निजी वाहनों के जरिये की जा रही डग्गामारी के खिलाफ अभियान चलाया गया जिसमें 20 से अधिक वाहनों को सीज किया गया। रामादेवी, टाटमिल चौराहा, रावतपुर स्टेशन के सामने, नौबस्ता बाईपास, कल्याणपुर, बर्रा बाईपास, जाजमऊ समेत कई स्थानों पर सैकड़ों की संख्या में प्राइवेट वाहन डग्गामारी कर रहे हैं। ऐसे वाहनों का संचालन करा रहे माफिया ने वाहनों पर कोड लिखा रखा है ताकि कोई उन्हें पकड़े नहीं। शुक्रवार को आरटीओ की टीम ने ऐसे वाहनों पर शिकंजा कसा।

# तीन दिन बौद्धिक और शैक्षिक वर्ग को संबोधित करेंगे भागवत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


मोहन भागवत।

- आज दोपहर 2.50 बजे चकेरी एयरपोर्ट पर आएंगे तीन दिन शहर में रहेंगे

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शहर में चल रहे प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने शनिवार को सरसंघचालक मोहन भागवत शहर आएंगे। 21 मई से आजाद नगर स्थित उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय में वह तीन दिनों तक रहेंगे। इस दौरान वह 45 जिलों के आए 1200 से अधिक शिक्षार्थियों के बौद्धिक और शैक्षिक वर्ग को संबोधित करेंगे। मोहन भागवत दोपहर 2.50 मिनट बजे चकेरी एयरपोर्ट पहुंचेंगे जहां विशेष सुरक्षा में आजाद नगर पहुंचेंगे। प्रांत प्रचारक श्रीराम ने बताया कि अभी विद्यालय के बाहर का कोई कार्यक्रम नहीं बना है, तीन दिन मोहन भागवत शिक्षार्थियों के साथ ही रहेंगे।

सरसंघचालक मोहन भागवत शनिवार से सोमवार तक शहर में रहेंगे। 9 जून को वह दोपहर बाद सेंट्रल स्टेशन से तेजस एक्सप्रेस से पटना जाएंगे। शहर में प्रवास कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। शुक्रवार को एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा सुरक्षा अधिकारियों ने लिया। इसके साथ ही मॉक ड्रिल भी की गई। संघ के कार्यक्रम को लेकर पं. दीनदयाल विद्यालय के माधव स्मृति मैदान को तैयार कर लिया है। मोहन भागवत के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम स्थल तक मार्गों की मरम्मत, साफ सफई के साथ कूड़े को उठाने, फॉगिंग, चूने का छिड़काव किया गया। नगर निगम ने मार्गप्रकाश की व्यवस्था को भी दुरुस्त किया है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार तीनों दिन विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा।

#### 5 दिन शहर में रुके थे मोहन भागवत

बीते अप्रैल को 5 दिवसीय प्रवास पर सरसंघचालक मोहन भागवत कानपुर आये थे। इस दौरान उन्होंने केशव भवन की नवनिर्मित बिल्डिंग का लोकार्पण किया था। इसके साथ ही शहर में विभिन्न शाखाओं में भी गये थे। इसके साथ संघ के विभिन्न आयामों से जुड़े लोगों के साथ बैठक की थी। अब एक बार फिर से मोहन भागवत के शहर आने से संघ से जुड़े पदाधिकारी उत्सुक हैं।

**संघ के सरकार्यवाह भी शहर में मौजूद**

संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले शिक्षा वर्ग में शिरकत करने आए हैं। संघ के वर्ग में 4 प्रांत से शिक्षार्थी आए हैं। प्रांत संचालक श्रीराम ने बताया कि खेलकूद, शाखा व अन्य उपयोग के लिये मैदान तैयार है। इस दौरान क्षेत्र प्रचारक अनिल, प्रान्त संघ चालक भवानी भीख, प्रान्त प्रचार प्रमुख डॉक्टर अनुपम, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख राजेंद्र सिंह, सहित 4 प्रान्त के जिला समरसता प्रमुख तथा विभाग समरसता प्रमुख उपस्थित रहेंगे।

# 60 हजार लिया, चुकाया दो लाख, कर्ज अभी भी बाकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सूदखोर की प्रताड़ना से आजिज बैंककर्मी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** मकान बनवाने के लिए बैंककर्मी ने 2019 में कर्ज लिया। तबसे लगातार किस्तें चुका रहा है। कई बार सूदखोर ने बंधक बनाकर मारपीट भी की। 60 हजार के बदले अब तक दो लाख रुपये दे चुका है। उसके बाद भी सूदखोर पैसों की मांग कर धमका रहा है। बैंककर्मी ने जिलाधिकारी से शिकायत की और गोविंदनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गोविंदनगर के उद्योगनगर निवासी राजकुमार एसबीआई की हालसी रोड शाखा में कार्यरत हैं। राजकुमार के अनुसार आर्थिक परेशानी और मकान बनवाने के लिए उसने वर्ष 2019 में दयानंद विहार के रहने वाले दोस्त मंजूर आलम से पैसों की समस्या बताई। उसके माध्यम से मैनावती मार्ग स्थित एनआरआइ सिटी के सामने रहने वाले मनोज और अंकित से 60 हजार रुपये कर्ज लिया। वह हर माह 4,200 रुपये किस्त चुकाता रहा। इसके बाद भी वर्ष 2022 में आरोपी उसके उसके घर पहुंच गए। रुपये कम देने का आरोप लगाते हुए उसे उठाकर मैनावती रोड स्थित उमा शंकर पार्टी लॉन ले गए। परिजनों ने विरोध जताया तो धमकाया। पार्टी लॉन में बंधक बनाकर उससे मारपीट की। उसकी पत्नी और बच्चे लॉन पहुंचे तो आरोपियों के साथियों ने उनसे अभद्रता की। पत्नी के मिन्नत करने पर रुपये देकर पति को ले जाने को कहा। इस पर पत्नी ने जेवर बेचकर आरोपियों को रुपये दिए तब जाकर उसे छोड़ा गया। फरवरी 2025 तक उसने सभी किस्तें अदा की हैं। 60 हजार रुपये कर्ज के बदले में अब तक दो लाख रुपये दे चुका है। उसके बाद भी आरोपी कर्ज अदा न होने की बात कहकर रुपयों की मांग कर रहे हैं। आरोप है कि फोन करके उठा ले जाने की बात कह रहे हैं। पीड़ित ने जिलाधिकारी और गोविंदनगर पुलिस से शिकायत की।

**जनसमस्या** लोहे वाले पार्क के अंदर लोग घोड़े व अन्य जानवरों को बांध रहे, गंदगी की वजह से बच्चों ने यहां खेलना भी बंद कर दिया

# पार्क है या घोड़ों का तबेला, गेट तक उखाड़ ले गए दबंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के कई पार्कों की स्थिति बदहाल है। इनमें से दक्षिण क्षेत्र के जूही सफेद कॉलोनी स्थित लोहे वाले पार्क को तो स्थानीय लोगों ने ही घोड़ों का तबेला बना दिया है। यहां पार्क की बाउंड्रीवाल कई स्थानों पर टूटी है। पुराना लगा गेट भी अराजक तत्व उखाड़ ले गये। गंदगी की वजह से बच्चों ने खेलना बंद कर दिया। पार्क के अंदर कुछ झूले लगे हैं, जो बरसात में पानी भरने में डूब जाते हैं। रात होते ही घुप अंधेरा छा जाता है जिससे अराजक तत्व पार्क में शरण लेने लगते हैं। स्थानीय लोगों ने कई शिकायतें कीं लेकिन पार्क की स्थिति में सुधार नहीं आ रहा है।

वार्ड 38 जूही स्थित पार्क लगभग 10 हजार आबादी में एकलौता पार्क है। यहां लगभग 8 वर्ष पहले विकास कार्यों के नाम पर बाउंड्रीवाल और ग्रिल लगाई गई। इसके साथ ही दो गेट भी लगाए गए थे। लेकिन, देखरेख के आभाव में बाउंड्रीवाल कई स्थानों पर टूट गई है। पार्क का गेट भी अराजक तत्व उखाड़ ले गये हैं। क्षेत्रीय निवासियों के अनुसार क्षेत्र में ही रहने वाले कुछ लोग घोड़े व अन्य पशुओं को पार्क की ग्रिल से बांधते हैं।

इससे पार्क में गंदगी रहती है। क्षेत्र के अक्षय नारायण तिवारी ने बताया कि कुछ समय पहले पार्क में बच्चों के खेलने के लिये झूले व जिम लगाया गया। लेकिन, पार्क में कहीं भी इंटरलॉकिंग बेस नहीं बनाया, इससे जरा सी बरसात होने पर पार्क पूरा पानी से भर जाता है। जिसे निकलने में कई दिन लग जाते हैं। यही वजह है कि लोग पार्क के अंदर जाते ही नहीं हैं।


पार्क में बंधे हुए हैं घोड़े। अमृत विचार



टूटा हुआ गेट। एक हिस्सा दबंग ले गए। अमृत विचार

#### गेट लगवाने और वृक्षारोपण कराने की मांग

स्थानीय लोगों ने बताया कि पार्क में यदि गेट लग जाए और वृक्षारोपण हो जाए तो स्थिति में सुधार हो सकता है। फिरोज ने बताया कि एक अच्छा पार्क जहां लोग सुबह-शाम टहल सकते हैं अधिकारियों की लापरवाही से बदहाल पड़ा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि नगर नगम को सख्ती से यहां घोड़ों को बंधने से रोकना चाहिये, इसके साथ ही बेसहारा पशुओं को भी पकड़ना चाहिये।



> नगर निगम में शिकायत की है। अगर पार्क में गेट लगा दिया जाये तो पशु नहीं घुसेंगे। वृक्षारोपण के साथ ही एक सबमर्सिबल लगवा दिया जाए। माली खुद के खर्च पर रख लेंगे।
>
> – अक्षय नारायण तिवारी, स्थानीय

**बोले पार्षद**



> 60 लाख रुपये से पार्क को विकसित करना है। नगर निगम से फाइल बन गई है। पार्क के चारो ओर बाउंड्रीवाल, गेट लगेगा। अन्य सुंदरीकरण कार्य भी होंगे। पार्क में बंधने वाले पशुओं पर भी रोक लगेगी।
>
> – हरि स्वरूप तिवारी, पार्षद, वार्ड 38

# बकरीद आजः बड़ी ईदगाह में नमाज सुबह 7.30 बजे

## ईदगाह मसवानपुर अर्मापुर में प्रातः 8 बजे एवं गद्दियाना ईदगाह में 8.30 बजे नमाज होगी, बाजारों में खरीदारों की उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ईद-उल-अजहा यानी बकरीद की नमाज के लिए शहरभर की ईदगाहों एवं मस्जिदों में तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बकरमंडी स्थित बड़ी ईदगाह में प्रातः 7.30 बजे नमाज होगी। मसवानपुर अर्मापुर ईदगाह में प्रातः 8 बजे और गद्दियाना ईदगाह में प्रातः 8.30 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की जाएगी। चांदमारी ईदगाह में प्रातः 7.30 बजे नमाज होगी। बगाही ईदगाह में प्रातः 6.30 बजे नमाज पढ़ी जाएगी। मास्टर अब्दुल करीम ईदगाह फेथफुलगंज एवं सुजातगंज ईदगाह में पुरुषों के साथ साथ महिलाएं भी पर्दे में रहकर नमाज अदा करेंगी।

**1000 से अधिक लोग एक साथ करेंगे वजूः** बड़ी ईदगाह में एक बड़ा वजूखाना बनाया गया है जिसमें लगभग 500 लोग एक साथ वजू कर सकेंगे, इसके अतिरिक्त दो वजूखाना और भी हैं। एक बार में यहां लगभग 1000 लोग वजू करेंगे। नमाज में कोई दिक्कत नहीं आए, इसके लिए 43 चबूतरे पर मुअज्जिन तैनात किये जायेंगे। ईदगाह के अंदर 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। यहां प्रशासनिक कैंप में कंट्रोल रूम भी बनाया जा रहा है। ईदगाह के मुख्यगेट पर मेटल डिटेक्टर लगाया जा रहा है। बिना चेकिंग के कोई भी नमाजी ईदगाह के अंदर नहीं जा सकेगा। बड़ी ईदगाह में पालीथिन पर पूरी तरह से रोक है। बड़ी ईदगाह में नमाज के दौरान 200 से अधिक कार्यकर्ता सुरक्षा के लिहाज से मौजूद रहेंगे। जिला प्रशासन की टीम अलग तैनात रहेगी।

**मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाजः** शहर में मस्जिद आयशा कुलीबाजार में प्रातः 7 बजे नमाज अदा की जाएगी। सुजातगंज की अजमेरी मस्जिद में प्रातः 7 बजे, नई मस्जिद में 7.15 बजे, नूरानी मस्जिद में 7.30 बजे, गौस-ए-आजम मस्जिद में 7 बजे। शारदा नगर मस्जिद 7.30 बजे, राजीव नगर चांद वाली मस्जिद 7 बजे, इक मिनारी मस्जिद हितकारी नगर में 8 बजे, मस्जिद गौसिया रोशन नगर में 8 बजे, रावतपुर जामा मस्जिद में 8.15 बजे, इक मिनारी मस्जिद रहमत नगर मे 7 बजे नमाज होगी।

**शिया मस्जिदों में नमाजः** शिया जामा मस्जिद ग्वालटोली में पहली जमाअत प्रातः 8 बजे मौलाना अली अब्बास नमाज पढ़ाएंगे। दूसरी जमाअत 11 बजे होगी। मस्जिद विक्टोरिया मिल में 9 बजे, मस्जिद कुरसवां में पहली जमाअत 8 बजे, दूसरी जमा्त 11 बजे, मस्जिद अहले बैत बेकनंगज एवं मकतब इमामिया अजीतगंज बेगमपुरवा में 8 बजे, जैदी ग्राउंड सुजातगंज में 9 बजे, मकतब इमामिया जूही सफेद कालोनी 9.30 बजे नमाज होगी।


बाजार में सिंवई औरसूतफेनी की दुकानों में भीड़। अमृत विचार


बेकनगंज बाजार में कपड़ों की दुकानों में लगी रही ग्राहकों की भीड़। अमृत विचार

### बेकनंगज समेत कई बाजार फुल, लाखों की भीड़

- बेकनंगज, पी रोड, लाल बंगला, जाजमऊ, नवीन मार्केट समेत शहर की अधिकांश बाजारों की रौनक बढ़ गई है। बेकनंगज बाजार में लाखों की भीड़ उमड़ी हुई है जिसमें 80 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। रूपम चौराहा से यतीमखाना चौराहा तक सड़क के बीच में भी हजारों की संख्या में दुकानें लगी हैं जिससे ये रास्ता पुलिस ने बंद कर रखा है। बकरीद के पहले दिन ही 3 लाख से अधिक छोटे बड़े जानवर कुर्बान होंगे। बीते साल तक पहले दिन 1 से 1.5 लाख जानवर कुर्बान होते थे।

**08**
बजे शिया जामा मस्जिद ग्वालटोली में पहली नमाज, दूसरी 11 बजे से होगी

### कुर्बानी की फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर न डालें

- बाबूपुरवा में मरकजी शहरकाजी डॉ. मुफ्ती यूनुस रजा ओवैसी की अध्यक्षता में की अध्यक्षता में उलमा और मस्जिदों के इमाम एवं बुद्धिजीवियों की मीटिंग हुई जिसमें शमशुल कमर रहमानी, सूफी लाल मोहम्मद कादरी मौजूद रहे। कहा गया कि कुर्बानी की फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर न डालें। मौलाना मुजफ्फर हुसैन मिस्बाही, मुफ्ती इरफान मिस्बाही, मौलाना आसिफ इकबाल मौलाना तनवीर बिलाल, मौलाना सोहेल अहमद कादरी, मौलाना फारुक, आदि मौजूद रहे।

### मुसलमानों के लिए गाइडलाइन

- कुर्बानी की फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर न डालें।
- भड़काऊ या धार्मिक उन्माद पैदा करने वाला वीडियो कंटेंट शेयर न करें।
- कुर्बानी के दौरान दूसरे धर्म के मानने वाले की दिल आजारी न हो, इसका ख्याल रखें।
- कुर्बानी के अवशेष, खुले में नहीं फेंके। नगर निगम के द्वारा रखे कंटेनर में ही फेंकें।
- नौजवान जजबाती नारों के साथ वीडियो और जानवरों की नुमाइश जैसी हरकत नहीं करें।
- पुलिस और जिला प्रशासन का सहयोग करें।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# बड़ी ईदगाह में आज नमाज पर यातायात में बदलाव

**जरा ध्यान दें**

- शनिवार को प्रातः 5 बजे से नमाज समाप्ति होने तक रूट बदला रहेगा
- बजरिया, हर्षनगर समेत कई स्थानों पर बेरीकेडिंग करके रोकेंगे रास्ता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शनिवार को ईद-उल-अजहा की नमाज शहर की सभी ईदगाह एवं मस्जिदों में अदा की जाएगी। बड़ी ईदगाह में प्रातः 7.30 बजे नमाज होगी। बकरीद पर एक बार ही नमाज होगी क्योंकि कुर्बानी के चक्कर में पास की मस्जिद में ज्यादातर लोग नमाज अदा करते हैं। बकरमंडी स्थित बड़ी ईदगाह बकरमंडी में नमाजियों की भीड़ को देखते हुए प्रातः 5 बजे से नमाज समाप्त होने तक यातायात डायवर्ट रहेगा।


बड़ी ईदगाह में टेंट लगाया गया।

### इधर रास्ता बंद है, उधर से जाएं

- परेड चौराहा से लाल इमली की ओर आने वाले वाहन कर्नलगंज चौराहा से बजरिया चौराहा नहीं जा सकेंगे बल्कि कर्नलगंज चौराहा से दायें मुड़कर शनिदेव मंदिर तिराहा से होकर जाना होगा।
- गोल चौराहा/हैलट की ओर से आने वाला यातायात बेनाझाबर तिराहा से सीधे ईदगाह चौराहे की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन बेनाझाबर तिराहा से बायें मुड़कर चांदनी नर्सिंग होम के सामने से होकर जाएंगे।
- जरीब चौकी (पी-रोड) की ओर से आने वाले वाहन रामबाग चौराहे से बजरिया चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे बल्कि रामबाग चौराहा से बायें मुड़कर ब्रह्मनगर चौराहा की ओर जाएंगे।
- 80 फिट रोड की ओर से आने वाले वाहन ब्रह्मनगर चौराहा से बायें मुड़कर ईदगाह चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहनब्रह्मनगर चौराहे से आगे रामबाग तिराहा से दाहिने मुड़कर पी रोड होते हुए चलेंगे।
- छः बंगलिया चौराहा की ओर से आने वाले वाहन मकरार्वटगंज ढाल से दाहिने ईदगाह चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन मकरावर्टगंज ढाल से आगे शनिदेव मंदिर तिराहा से बायें मुड़कर चलेंगे।
- हलीम कालेज चौराहे से आने वाले वाहन बजरिया चौराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे बल्कि सीसामऊ चौराहा से बाएं मुड़कर जाना होगा। लकड़मंडी रोड से आने वाले वाहन कायस्थाना रोड से बजरिया या बकरमंडी नहीं जा सकेंगे।


आईआईटी में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

# तीन महिला वैज्ञानिकों को सरोज चंद्रशेखर अवॉर्ड

- जैव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किया बेहतर कार्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी में शुक्रवार को तीन महिला वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया। वैज्ञानिकों को सरोज चंद्रशेखर मेमोरियल अवार्ड प्रदान किया गया। यह अवॉर्ड जैव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वाली महिला वैज्ञानिकों को दिया गया।

बताया गया कि यह पुरस्कार प्रोफेसर सरोज चंद्रशेखर की याद में दिया जाता है। वह तपेदिक (टीबी) पर शोध करने वाली एक जानी-मानी वैज्ञानिक थीं। करियर के शुरुआत में प्रोफेसर सरोज चंद्रशेखर ने बॉम्बे विश्वविद्यालय के सेंट जेवियर्स कॉलेज से बीएससी की। इसके बाद उन्होंने 1950 में यूके के इंपीरियल कॉलेज से बैक्टीरियोलॉजी में पीएचडी की। वे दिल्ली विश्वविद्यालय के वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट में प्रमुख पदों पर रहीं और 1966 से 1969 तक जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय (अमेरिका) में भी पढ़ाया। उनके शोध ने टीबी के इलाज की दिशा में बड़ी मदद की। प्रोफेसर सुजाता शर्मा और डॉ. नगमा परवीन ने वैज्ञानिकों को समाज के दोष दूर करने वाली हस्ती बताया। इस मौके पर तीन युवा महिला वैज्ञानिकों को उनके डॉक्टरेट शोध के लिए सम्मानित किया गया।

### इन्हें मिला सम्मान

समारोह में तीन महिला वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया। इनमें योगिता कपूर, सीएसआईआर-सीसीएमआर हैदराबाद से हैं, जिन्हें तपेदिक से जुड़ी बैक्टीरिया की वृद्धि और विभाजन पर रिसर्च के लिए अवॉर्ड दिया गया। इसी तरह हर्षा रानी, मणिपाल की इंस्टीट्यूट ऑफ बायोइन्फॉर्मेटिक्स एंड एप्लाइड बायोटेक्नोलॉजी से हैं, जिन्हें कोलोरेक्टल कैंसर में पी53 जीन की भूमिका पर रिसर्च करने के लिए सम्मानित किया गया। अंतिमा अंकिता मेनन, आईआईटी पालक्कड़ की हैं, उन्हें दवा और बायोमार्कर को पहचानने वाले खास बायोसेंसर विकसित किए जाने के लिए सम्मानित किया गया।

# पनकी में 7 हजार वर्ग मीटर जमीन कराई खाली

**कानपुर।** केडीए ने शुक्रवार को ध्वस्तीकरण अभियान चलाकर पनकी गंगागंज में अपने स्वामित्व की 7 हजार वर्ग मीटर जमीन खाली कराई। अभियान के दौरान विशेष कार्याधिकारी डॉ. रवि प्रताप सिंह, सहायक अभियंता सीबी पांडेय, अमीन रामलाल, भूमि बैंक व प्रवर्तन अनुभाग के कर्मचारी सुरक्षा बल के साथ मौजूद रहे। केडीए ने यह अभियान जोन-2 में चलाया। इस दौरान पनकी गंगागंज-07 में छह हजार वर्ग मीटर भूमि पर अवैध रूप से किए गए कब्जे जेसीबी से गिराए गए। साथ ही पनकी गंगागंज-06 में एक हजार वर्ग गज भूमि खाली कराई गई। कब्जा मुक्त कराई गई भूमि करीब 25 करोड़ 83 लाख रुपये है।

# सेंट्रल मेट्रो स्टेशन पर काव्य, गीत और संगीत की सजी महफिल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेंट्रल मेट्रो स्टेशन पर शुक्रवार को संगीत व काव्य पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवोदित कलाकारों ने अपने गायन और काव्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यात्रियों ने इसका जमकर लुत्फ उठाया। कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन पर शाम 6 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत अभिराज सिंह की प्रस्तुति से हुई। अभिराज सिंह और गिटार पर ध्रुव की जोड़ी ने बॉलीवुड गीतों की धुनों पर एक से बढ़कर एक कई प्रस्तुतियां देकर यात्रियों का दिल जीत लिया। अक्षय मिश्रा, रितिक तिवारी, शुभम तिवारी, शिवांश शुक्ला, प्रशांत द्विवेदी व प्रतीक तिवारी ने काव्य पाठ किया।



गीत गाते कलाकार। अमृत विचार

मेट्रो के मुताबिक, 4 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को शाम के समय नए अंडरग्राउंड स्टेशनों पर ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कानपुर मेट्रो ने नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिए शो योर टैलेंट नाम से एक पहल की शुरूआत भी की है। मेट्रो स्टेशन पर सोलो या ग्रुप संगीत प्रस्तुति, बैंड परफॉर्मेंस, स्केचिंग, नुक्कड़ नाटक आदि प्रस्तुति के लिए इच्छुक व्यक्ति या बैंड संपर्क कर सकते हैं।

# सीएसजेएमयू में वायरल वीडियो की जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- वीडियो में दिखी दोनों छात्राओं से विवि प्रशासन ने की पूछताछ

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो पर सीएसजेएमयू सख्त हो गया है। शुक्रवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने बैठक में निर्देश दिए कि वायरल वीडियो प्रकरण की जांच की जाएगी। वीडियो में दिखाई दे रही छात्रओं से भी पूछताछ की गई। इसके अलावा यह भी आदेश दिया गया कि सोशल मीडिया पर प्रैंक या किसी भी अन्य तरीके के वीडियो या फोटो के माध्यम से विश्वविद्यालय की छवि खराब करने की कोशिश हुई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वायरल वीडियो प्रकरण पर हुई बैठक की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने की। कहा कि संबंधित छात्र के विभागाध्यक्ष व चीफ प्रॉक्टर की टीम मामले की जांच करेगी और अनुशासनहीनता में कार्रवाई की जाएगी। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि जांच में पता चला कि रसूलाबाद का रहने वाला एक यू-ट्यूबर अपने रिजल्ट से जुड़ी कुछ जानकारी लेने विवि आया था।

इसी दौरान उसने लीगल स्टडीज विभाग की दो छात्राओं से संपर्क किया और उनसे एक प्रैंक वीडियो बनाने की बात कही। जिससे उसके सोशल मीडिया एकाउंट पर लाइक व कमेंट बढ़ जाएंगे। जिससे दोनों छात्राएं तैयार हो गईं। यह वीडियो जब वायरल हुआ तो एक छात्रा ने खुद यू-ट्यूबर को फोन कर वीडियो डिलीट करने को कहा। जिससे यू-ट्यूबर पर वीडियो डिलीट कर दिया है। हालांकि इस मामले में विवि के कुलपति ने पुलिस कमिश्नर से भी शिकायत की और मामले की जांच पड़ताल करने की मांग की। वायरल वीडियो में किसी तरह की छेड़छाड़ या जानबूझकर छात्राओं को असहजता जैसी स्थिति तक पहुंचाने का मामला नहीं है। कुलपति प्रो. पाठक ने सत्र शुरू होने पर दोनों छात्राओं से स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं, नए सत्र में सभी विभागों में बिना आईडी कार्ड के प्रवेश वर्जित कर दिया है। सुरक्षा के विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं, जिससे कोई भी यू-ट्यूबर विवि कैम्पस में आकर रील और प्रैंक जैसे वीडियो न बना सके।

**सख्ती** जनसुनवाई में अफसरों की लापरवाही और नकारात्मक फीडबैक का मामला

# शासन ने अफसरों पर कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी

- शासन की ओर से जलकल और नगर निगम से मांगा गया है जवाब
- जोनवार जिम्मेदारों को भेजा जा रहा नोटिस, स्पष्टीकरण के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईजीआरएस (एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली) यानी जनसुनवाई में अफसरों की लापरवाही और नकारात्मक फीडबैक को लेकर सीएम सेल की ओर से एक्शन टेकन रिपोर्ट मांग ली गई है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के बाद सीएम पोर्टल पर नजर रखने वाले सेल ने जनसुनवाई में फिसड्डी रहे विभागों-अफसरों पर क्या कार्रवाई की गई इसकी रिपोर्ट तलब की है। नगर निगम, जलकल ने जिम्मेदार अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करना शुरू किया है। जिले के सात विभागों की शिकायत निस्तारण प्रक्रिया में फीडबैक सबसे अधिक नकारात्मक रहा है। नगर निगम और जलकल से जुड़ी शिकायतों पर भी अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया।

### 6 से 12वें स्थान पर पहुंचा नगर निगम

शासन द्वारा जारी मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार नगर निगम छठे से 12वें स्थान पर पहुंच गया है। मई में कानपुर नगर निगम की 2974 शिकायतें थीं, जिसमें से 1429 नागरिकों द्वारा असंतुष्ट फीडबैक दिया गया है। 3 माह में कानपुर नगर निगम को 100 में 76 अंक प्राप्त हुये लेकिन मई में 100 में से मात्र 69 अंक मिले। जिससे नगर निगम की रैंकिंग 6वें स्थान से 12वें स्थान पर आ गयी है। इसको लेकर नगर निगम ने अपने जोनलों और अभियंताओं को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगना शुरू किया है। अपर नगर आयुक्त ने 58 असंतुष्ट फीडबैक पर जोन 6 के अभियंता को भी नोटिस दी है।

### जलकल जीएम ने भी दी नोटिस, मांगा स्पष्टीकरण

- जलकल से सम्बंधित शिकायतों में 59 प्रतिशत नकारात्मक फीडबैक मिला है। जलकल जीएम ने आईजीआरएस के नोडल अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह को नोटिस भेजकर नोटिस मांगा है। जलकल से जुड़ी शिकायतों में 59 प्रतिशत नकारात्मक फीडबैक मिले हैं। जीएम ने कहा है कि जो भी जिम्मेदार हैं उनपर कार्रवाई की जाए।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# मवेशी लदे वाहनों से वसूली में यूट्यूबर को जेल भेजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा में मवेशी लदे वाहनों को रोककर वसूली का मामला सामने आया। इस पर पुलिस ने यूट्यूबर को जेल भेज दिया है।

जालौन निवासी आसिफ ट्रक चालक हैं। आसिफ के अनुसार वह मवेशियों से लदा ट्रक लेकर उन्नाव जा रहे थे। बर्रा हाईवे पर कई लोग कार से आए और उनके ट्रक को रोक लिया। बातचीत में खुद को पत्रकार, बजरंगदल कार्यकर्ता बताते हुए मारापीटा। एक ने अपना नाम रज्जन बताते हुए कहा कि अगर मवेशी लदाकर हाईवे से निकलना है तो कुछ खर्चा देना होगा। इसके बाद त्रिमूर्ति अपार्टमेंट के पास मैदान में ट्रक ले गए, जहां ऑनलाइन 18 हजार रुपये खाते में ट्रांसफर कराए। ट्रक में रखे 13,600 रुपये भी छीन लिए और धमकी दी कि अगर किसी से शिकायत की तो ट्रक हाईवे से नहीं गुजर पाएगा। सभी के जाने के बाद चालक बर्रा थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ शिकायत की। बर्रा थाना प्रभारी नीरज ओझा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की तो नौबस्ता के दुर्गा विहार निवासी यूट्यूबर नीरज गुप्ता उर्फ कैफ गुप्ता का नाम सामने आया। चालक को बुलाकर शिनाख्त करवाई गई तो उसने पहचान लिया। नीरज को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उसके दो साथियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

## सार-संक्षेप

### एटीएम कार्ड बदलकर 47 हजार उड़ाए

**कानपुर।** नौबस्ता में शिक्षक की पत्नी ठगी का शिकार हो गई। शातिर ने एटीएम कार्ड बदलकर खाते से छह बार में 47,700 रुपये पार कर लिए। पैसे निकलने का मैसेज आने पर पीड़िता को घटना की जानकारी हुई। इस पर थाना पुलिस से शिकायत की, लेकिन सुनवाई न करने पर एडीसीपी दक्षिण से कार्रवाई की मांग की है। आवास विकास हंसपुरम निवासी संजय कुमार शर्मा शिक्षक हैं और उनकी तैनाती घाटमपुर में है। उनकी पत्नी आरती का बर्रा स्थित इंडियन बैंक में खाता है। आरती के अनुसार चार जून की सुबह उन्होंने अपनी भतीजी मौली को खाते से रुपये निकालने के लिए भेजा था। मौली क्षेत्र के एसबीआई एटीएम में रुपये निकालने पहुंची, लेकिन रुपये नहीं निकले। इसी दौरान एक युवक एटीएम पर आया और मौली को झांसे में लेकर एटीएम कार्ड बदल लिया। पैसे न निकलने पर मौली के एटीएम से बाहर आई और वहां से चली गई। इसके बाद आरोपी ने तीन बार में 25 हजार रुपये नकद निकाले। लिमिट खत्म होने पर लाडो इंटरप्राइजेज से तीन बार में 22,700 रुपये का ऑनलाइन भुगतान किया। आरती के अनुसार पैसे निकलने का मैसेज आने के बाद उन्होंने 1930 पर काल की, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद बैंक और पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि शिकायत के बाद भी थाना पुलिस ने कोई सुनवाई की तो एडीसीपी दक्षिण से शिकायत की। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

### शिक्षक बताकर हड़प लिए छह हजार

**कानपुर।** बाबूपुरवा के टीपीनगर निवासी छोटा बाबू से एक अंजान व्यक्ति ने खुद को उनके बेटे का शिक्षक बताकर ठगी की। कहा कि आपरेशन के लिए 12 हजार रुपये की जरूरत है। इस पर उन्होंने बताए गए मोबाइल पर पांच बार में छह हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उन्होंने शिक्षक को फोन किया तो उन्हें ठगी का पता चला। उन्होंने पुलिस से शिकायत की है। बाबूपुरवा थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।


पुरस्कार प्राप्त करते शिक्षक राजन लाल। अमृत विचार

### शिक्षक को मिला पुरस्कार

**कानपुर।** इको फ्रेंडली वर्ड एंड नेचर प्रोटेक्शन कैंपेन की ओर से प्रदेश स्तरीय हरित शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मथुरा में हुए इस समारोह में पर्यावरण संरक्षण, जन जागरूकता अभियान में सराहनीय योगदान एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में शिक्षक राजन लाल को डॉ. कुलदीप सारस्वत, कुल सचिव शुभम विश्वविद्यालय भोपाल, रविंद्र सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा व हरि ओम सिंह की ओर से सम्मानित किया गया। शिक्षक राजन लाल ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्रोजेक्ट बेस एजुकेशन एवं विभिन्न नवाचारी प्रयासों और जागरूकता अभियान के द्वारा बच्चों एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण तथा हरित सोच को प्रोत्साहित किया है।


अस्पताल का निरीक्षण करते दत्तात्रेय होसबाले। अमृत विचार

### संघ के सर कार्यवाह ने देखा आरोग्यधाम अस्पताल

कानपुर। रावतपुर स्थित श्री रामलला आरोग्यधाम हॉस्पिटल द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाओं व अन्य व्यवस्था का अवलोकन शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने किया। अत्यधिक मशीनों की जानकारी ली। उन्होंने अपने कुछ सुझाव भी दिए, ताकि स्वास्थ्य सेवा का कार्य और अधिक प्रभाव समाज को प्राप्त हो सके। यहां पर ओपीडी का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान कानपुर प्रांत के प्रांत प्रचारक श्रीराम, प्रांत संघचालक भवानी भीख, जिला संघचालक राधे श्याम, मोहन अग्रवाल, उमेश पालीवाल, अमित सिंह गौर व डॉ. सौरभ सिंह समेत आदि रहे।

# बेरहम माता-पिता ने बच्चे को पटक कर मार डाला

## मृतक की दादी की शिकायत पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता छिबरामऊ



घटना की जानकारी देते बच्चे के परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मोहल्ला गोपाल नगर निवासी रिश्तेदारी में माता-पिता के साथ घूमने आए 2 वर्षीय मासूम को उसके ही बेरहम माता-पिता ने जमीन पर पटक दिया। हालत गंभीर होने पर उसे सौ शैय्या से तिर्वा मेडिकल कॉलेज तथा वहां से हैलट के लिए रेफर कर दिया गया। वहां ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मृतक बच्चे की दादी ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।



समर।

कानपुर के सचेंडी थाना क्षेत्र निवासी गीता गिहार पत्नी मुन्नू गिहार ने बताया कि पुत्र पवन गिहार का विवाह 4 वर्ष पूर्व पतरा घाटमपुर निवासी रोहिनी गिहार के साथ हुआ था। लगभग 2 वर्ष बाद पवन की मौत हो गई। वह अपने 1 वर्ष के पुत्र समर को छोड़ गया। रोहिनी ने कुछ समय बाद दूसरा विवाह बिल्हौर थाना क्षेत्र के बलहू खजुरी निवासी मोनू गिहार के साथ कर लिया। दंपति पुत्र के साथ कुछ दिन पूर्व नगर के मोहल्ला गोपाल नगर निवासी अपनी बहन के घर आए थे। यहां किसी बात को लेकर समर ने रोना शुरू कर दिया, जिस पर पति-पत्नी ने उसे उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर उसे सौ शैय्या से तिर्वा तथा तिर्वा से हैलट के लिए रेफर कर दिया गया। वहां ले जाते रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई। इस मामले में मृतक बच्चे की दादी ने पोते के शव को साथ लेकर छिबरामऊ कोतवाली में शिकायत की, जिस पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि बच्चे की मौत छत से गिरने से हुई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी को शादी का झांसा देकर युवक ने बनाये संबंध

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से एक युवक, नाबालिक को कोर्ट मैरिज करने का झांसा देकर बहला फुसलाकर ले गया। उसके बाद उसके साथ संबंध बनाता रहा,जब वह गर्भवती हो गई तो उसने उसका गर्भपात करा दिया और शादी करने से मुकर गया। साथ ही उसकी कुछ अश्लील तस्वीरें इंस्टाग्राम में वायरल कर कर देने का आरोप युवती ने लगाया है। प्रार्थना पत्र मिलने के बाद पुलिस जांच मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गांव का एक युवक जो दूर का उसका रिश्तेदार है। उसने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाये, जब वह गर्भवती हो गई तो युवक ने उससे जेवर व घर में रखी नकदी लेकर घर से भाग चलने की सलाह दी तो वह उसके झांसे में आ गई और वह उसके साथ चली गई। बाद में उसने उससे कहा कि अभी तुम नाबालिग हो इसलिए कोर्ट मैरिज नहीं हो सकती है। इसलिए जय माल डालकर उसने शादी कर ली और इसके बाद उसका गर्भपात करा दिया। साथ ही उसकी अश्लील तस्वीरें उसने इंस्टाग्राम में वायरल कर दी। नाबालिग ने उक्त गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। हालांकि वायरल तस्वीरों की पुष्टि अमृत विचार अखबार नहीं करता है। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि नाबालिग के द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### गर्मी के चलते पुलिस ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

**चौबेपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए थाना पुलिस ने शुक्रवार को कस्बे में शर्बत का वितरण कराया। तेज धूप व गर्म हवाओं के चलते लोग गर्मी से हाल–बेहाल है। मजबूरीवश घरों से बाहर निकल रहे लोग गर्मी से बचने के लिए पेड़ों की छांव व शीतल पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। शुक्रवार को थाना पुलिस ने जीटी रोड के निकट हाईवे अंडरपास के समीप राहगीरों को शर्बत का वितरण किया। थाने के स्टाफ ने राहगीरों को रोक रोक कर शरबत वितरित किया। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर, कस्बा इंचार्ज एस आई विजय प्रकाश ,उपनिरीक्षक अमित राघव व आनंद पांडे आदि रहे।

# ट्रक से भिड़ी कार में डंपर ने पीछे से मारी टक्कर

संवाददाता घाटमपुर



घटनास्थल पर मौजूद क्षेत्रीय लोग व पुलिस बल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घाटमपुर में एक अनियंत्रित कार ट्रक में पीछे से जा घुसी तभी पीछे से आ रहे डंपर ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। इससे कार के परखचे उड़ गए। वहीं कार सवार लोग बाल बाल बच गये। लेकिन कार में आगे बैठी महिला कार में एक घंटे तक फंसी रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से महिला को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। वहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर उसे गंभीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया है।

घाटमपुर में हमीरपुर रोड पर हमीरपुर निवासी नीलम 50 वर्ष अपने पति सुरेश चंद्र और बेटे सूरज के साथ शुक्रवार को कार से कानपुर जा रहे थे। तभी घाटमपुर थाना क्षेत्र के शुक्ला पेट्रोल पंप के आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दी। इससे कार ट्रक में पीछे से जा घुसी। इस दौरान पीछे से आ रहे डंपर ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी, कि कार के परखचे उड़ गए। हादसे में पिता

- **कार में एक घंटे तक फंसी रही महिला, पुलिस ने मशक्कत के बाद महिला को निकलवाया**

पुत्र को मामूली चोंट आई है। वहीं महिला कार में एक घंटे तक फंसी रही। कार में महिला के फंसे होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को खींचकर महिला को बाहर निकालकर घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया है। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर महिला को गंभीर हालत में कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया । घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि घायलों को अपस्ताल पहुंचाया गया है। तहरीर में आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पांच किलोमीटर तक लगा जाम

घटना के बाद कानपुर सागर हाईवे पर जाम लग गया। यहां पर कानपुर की ओर पुराना अस्पताल रोड तक और हमीरपुर की ओर बंबा तक लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे करवाकर हाईवे पर यातायात बहाल कराया। इस दौरान लगभग एक घंटे यातायात प्रभावित रहा।

# निर्माणाधीन होटल की 11वीं मंजिल से गिरकर इलेक्ट्रीशियन की मौत

**बिठूर।** बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंधना-गंगा बैराज हाईवे पर स्थित होटल इंटरनिटी में काम कर रहे इलेक्ट्रिशियन की 11वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गईं।

इलेक्ट्रीशियन के रिस्तेदार मनोज ने बताया कि जिला उन्नाव के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले पप्पू लोधी के दो पुत्र थे। बड़ा बेटा सूरज मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है और छोटा करण था। जिसकी शादी पिछले महीने कि 2 तारीख को उन्नाव के परियर के एक गांव में रहने वाली सोनिका के साथ हुई थी। करण इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। शुक्रवार कि सुबह करीब 10बजे जानकारी मिली कि करण होटल कि 11वीं मंजिल से गिर गया है, जिसे उपचार के लिए पास में ही स्थित निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। ज़ब हम लोग अस्पताल पहुंचे तब तक करण कि मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

# आंगनबाड़ी केंद्र में 'चेहरे' पर मिलेगा पोषण आहार

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों के लाभार्थियों को पोषण आहार वितरित करने में पारदर्शिता लाने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब लाभार्थियों को पोषण आहार उनके 'चेहरा प्रमाणीकरण' के बाद ही पोस्ट के माध्यम से प्राप्त होगा।

निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के समस्त लाभार्थियों, 7 माह से 3 वर्ष के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं की पोषण ट्रैकर पर कोडिंग 1 जुलाई, 2025 से पूर्व अनिवार्य रूप से पूरी कर उनका 'चेहरा प्रमाणीकरण' भी सुनिश्चित किया जाएगा। डीपीओ दुर्गेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस नई प्रणाली के तहत, आंगनबाड़ी केंद्रों के पंजीकृत सभी लाभार्थियों, जिनमें 7 माह से 3 वर्ष के बच्चे, 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चे, गर्भवती महिलाएं और धात्री माताएं शामिल हैं । उनको आगामी माह से अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण पोषण ट्रैकर ऐप पर 'चेहरा प्रमाणीकरण' के उपरांत ही किया जाएगा। सभी लाभार्थियों का 'ई-केवाईसी' संबंधी कार्य 30 जून तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### दिव्यांगजनों को दिए निःशुल्क यात्रा के पास

**कानपुर।** दिव्यांगजन अब इलेक्ट्रिक बस में पूरे साल तक नि :शुल्क यात्रा कर सकेंगे, उनसे कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क बगिया में राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने कानपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के सहयोग से 102 दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक सिटी बसों में निशुल्क यात्रा के लिए बस पास वितरित किया। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि जिन दिव्यांगजनों को सिटी बसों में निशुल्क यात्रा का पास बनवाना है, वह अपना यूडी आईडी कार्ड, आधार कार्ड , एक फोटो व निर्धारित शुल्क सहित शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क बगिया गेट नंबर 4, फजलगंज डिपो या अहिरवां डिपो में संपर्क कर सकते हैं।

# शास्त्री नगर में क्राकरी गोदाम में लगी आग

**कानपुर।** शास्त्री नगर में क्राकरी की एक दुकान में भीषण आग लगी। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची लेकिन लाखों का माल जलकर खाक हो गया। गनीमत ये रही कि मार्केट की आग को फायर ब्रिगेड जवानों ने आगे बढ़ने से रोक दिया।

गुजैनी निवासी जय प्रकाश गुप्ता की शास्त्री नगर सब्जी मंडी स्थित एक मार्केट में क्राकरी की दुकान है। पीड़ित ने बताया कि सुबह लगभग सात बजे शार्ट सर्किट से आग लगी। दुकान के अंदर से धुआं उठता देख आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और आग बुझाने की कोशिश की और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने दुकान का शटर तोड़कर आग पर एक घंटे में काबू पाया लेकिन लाखों का माल जलकर राख हो गया। घटनास्थल पर पहुंचे पीड़ित दुकानदार जयप्रकाश की तबियत खराब हो गई क्योंकि गुप्ता ने बुधवार को ही लाखों का माल दुकान में भरा था। पीड़ित का कहना है कि उनका कुछ कैश भी जल गया है।

# खासपुर घटना में दूसरे आरोपी की हुई गिरफ्तारी

संवाददाता बिल्हौर

- **विधायक की नाराजगी पर पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा आरोपी**

**अमृत विचार।** अरौल थाना क्षेत्र के खासपुर गांव में बीते 26 मई की गांव के पूर्व प्रधान अशोक कटियार पर हुए हमले के मामले में राजनीतिक रूप से गर्माहट के बाद पुलिस ने एक और आरोपी रामदीन को शुक्रवार को कानपुर देहात से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के चलते स्थानीय लोगों में पुलिस और सत्ता पक्ष के नेताओं के प्रति रोष भी पनप रहा था। हालांकि इस बीच क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने पीड़ित परिवार से एक सप्ताह में ही आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही थी जिसके बाद लगातार दूसरे आरोपी की भी गिरफ्तारी कर ली गई है। खासपुर गांव के पूर्व प्रधान अशोक कटियार 26 मई की रात अपने पुत्र को बुलाने जा रहे थे। तभी गांव के चार युवकों ने मिलकर उन पर हमला बोल दिया था, जिसमें उनको गंभीर चोटें भी आई थीं कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद हाल ही में उनको डिस्चार्ज किया गया है। लगातार राजनीतिक रूप से पलायन की खबरें भी शासन प्रशासन के लिए नाक का सवाल बनी हुई थी। स्थानीय लोग पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त कर रहे थे। शुक्रवार को ही हल्के में तैनात दरोगा दयाशंकर की शिकायत बजरंग दल के नेता शंकर कटियार ने भी की थी, जिसके बाद डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी ने दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं विधायक राहुल बच्चा ने बताया कि उनके द्वारा पूरे मामले पर नजर रखी जा रहा है , जो आरोपी बचे हैं उन्हें भी जल्द से जल्द गिरफ्तार कराया जायेगा। वहीं समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में रचना सिंह ने एसीपी बिल्हौर को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी गुरुवार को ज्ञापन सौंपा था।

## सार-संक्षेप



मैच जीतने के बाद खड़े विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

### स्वास्तिक इलेवन ने शीतलपुर रॉयल को 61 रनों से हराया

**घाटमपुर।** घाटमपुर के जनता महाविद्यालय मैदान में चल रहे जी .पी .एल सीजन 10 टूर्नामेंट में शुक्रवार को स्वास्तिक इलेवन ने शीतलापुर रॉयल्स को 61 रनो से हराकर मैच जीत लिया। इस दौरान सैकड़ों लोग मैच देखने के लिये मौजूद रहे। शीतलपुर रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया स्वास्तिक इलेवन ने पहले खेलते हुए 14 ओवर में 125 रन बनाए। इसमें अमृत राज ने 32, राज कटियार ने 29 रनो का योगदान दिया। शीतलपुर की तरफ से यश सचान ने 3, विकेट उत्कर्ष सिंह ने 4 विकेट लिए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी शीतलपुर रॉयल्स ने 13 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 64 रनों पर ढेर हो गई। यश सचान ने सर्वाधिक 18 रन बनाए। राज कटियार के आल राउंड प्रदर्शन पर उन्हें मैन ऑफ द मैच अश्वनी पाठक, मोनू शुक्ला, शिवम भदौरिया द्वारा दिया गया।



आरसीसी सेंटर का उद्घाटन करते अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

### जिला पंचायत अधिकारी ने किया आरसीसी सेंटर का उद्घाटन

**चौबेपुर।** कस्बे में शुक्रवार को एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का उद्घाटन जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा किया गया। इस दौरान डीपीआरओ ने कहा कि आरसीसी सेंटर का मुख्य उद्देश्य गांवों में ठोस कचरा प्रबंधन को सुव्यवस्थित करना है, जिससे गांवों को स्वच्छ रखा जा सके। उन्होंने ग्रामीणों से इसमें पूर्ण सहयोग करने की बात कही। चौबेपुर ग्राम पंचायत चुनाव के मजरा तमसहा में बनाए गए आर सी सी सेंटर का उद्घाटन डीपीआरओ मनोज कुमार ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि इन सेंटरों में कचरे को एकत्र कर संशोधित व निस्तारित किया जाएगा। इस कार्य से जहां गांव से गंदगी दूर होगी, वहीं बीमारियां फैलने का खतरा भी कम हो जाएगा। बताया कि रिसाइकिलिंग से जैविक खाद भी तैयार की जाएगी। इस दौरान उन्होंने कूड़ा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं पौधारोपण कर उन्होंने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया। इस मौके पर एडीपीआरओ प्रदीप सिंह भदोरिया, जिला समन्वयक विक्रम सिंह, ए डी ओ पंचायत मुकेश कुमार, ग्राम प्रधान कल्लू यादव , विद्यासागर यादव प्रमोद सिंह, संदीप यादव ,अमिताभ त्रिपाठी व संतोष यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




नल से निकलते जल के पास खड़े विधायक राहुल बच्चा व अन्य। अमृत विचार

### घिमऊ के हर घर में पहुंचा जल

**बिल्हौर।** विधायक राहुल बच्चा ने शुक्रवार को घिमऊ ग्रामसभा में 'हर घर जल योजना' के अंतर्गत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निर्माणाधीन पानी की टंकी का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सैकड़ों स्थानीय ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। यह पानी की टंकी घिमऊ ग्रामसभा के निवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 'हर घर जल योजना' केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य देश के हर घर तक नल से जल पहुंचाना है। इस परियोजना के पूरा होने से घिमऊ के लोगों को लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या से निजात मिलेगी। शुभारंभ समारोह के दौरान, विधायक राहुल बच्चा ने संबोधित करते हुए कहा, आज का दिन घिमऊ ग्रामसभा के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। 'हर घर जल योजना' के माध्यम से हम अपने क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के अपने संकल्प को पूरा कर रहे हैं। यह सिर्फ पानी की टंकी नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन और उज्जवल भविष्य की आधारशिला है। इस अवसर पर, स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, ग्राम प्रधान और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण परियोजना के सफल क्रियान्वयन में अपना योगदान दिया। इस पानी की टंकी के शुरू होने से क्षेत्र में जल जनित बीमारियों में कमी आने और जीवन स्तर में सुधार होने की उम्मीद है।

# विधायक ने परिवहन मंत्री से की मुलाकात

**घाटमपुर।** घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने परिवहन मंत्री दयाशंकर से मिलकर नेयवेली पावर प्लांट के पास नए बस स्टेशन के निर्माण की मांग रखी है। साथ ही घाटमपुर के पुराने बस स्टैंड के जीर्णोद्धार के लिए पुनः टेंडर की मांग की।

उन्होंने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात कर अपनी बात कही। उन्होंने बताया कि पहला रूट परस चौराहा से हमीरपुर तक प्रस्तावित है। यह बवान, बरिपाल, पडरी, अनुपुर और सजेती होते हुए जाएगा। वहीं दूसरा रूट नौरंगा रोड से कानपुर तक का है। यह चंदनपुर, मिलिकिनपुर, सिहूपुर, रार, पतारी, उमरी, पासीखेड़ा, पासेवा, भीतरगांव, साढ़ और रामईपुर से होकर गुजरेगा। दोनों मार्गों पर सड़क चौड़ीकरण का काम पूरा हो चुका है। विधायक ने पतारा कस्बा में हुए रोडवेज बस हादसे का मुद्दा भी उठाया। इस हादसे में तीन पॉलिटेक्निक छात्रों की मौत हुई थी। उन्होंने पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाने की मांग की। परिवहन मंत्री ने विधानसभा क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने का आश्वासन दिया।

# कल अरौल आ सकते हैं मुख्यमंत्री योगी

**बिल्हौर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल कानपुर देहात के अरौल गांव का दौरा कर सकते हैं। वे यहां पर मक्का किसानों के साथ एक महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री का यह संभावित दौरा मक्का किसानों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान पर विचार करने के उद्देश्य से हो रहा है। शुक्रवार की देर रात तक डीसीपी पश्चिम दिनेश त्रिपाठी और उपजिलाधिकारी हेलीपैड की तैयारी करते रहे । वहीं यह भी चर्चा जोरों पर है कि मुख्यमंत्री कल की जगह 13 जून को आ सकते हैं। अभी उहापोह की स्थिति बनी हुई है।

# रानी लक्ष्मीबाई पार्क में रोपे पौधे



पार्क में पौधे रोपित करते लोग। अमृत विचार

**कानपुर।** पांडु नगर स्थित रानी लक्ष्मीबाई पार्क में विश्व पर्यावरण दिवस पर हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान ने औषधि के करीब 250 पौधे रोपित किए। मौजूद लोगों ने पौधों को गोद लेकर उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी ली।

हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन उत्तर प्रदेश पूर्वी प्रांत के संयोजक अमरनाथ व महानगर संयोजक पंडित कृष्ण कुमार दुबे मुन्ना दुबे ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर संकल्प लिया कि वह प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क करेंगे और विभिन्न पार्कों को गोद लेकर पौधरोपण कार्यक्रम के संबंध में बडे. स्तर में अभियान का स्वरूप दिया जाएगा। भावी पीढ़ी को वृक्ष वंदन कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। इस दौरान सुनील मंगल, नीरज तिवारी, पर्यावरण संरक्षिका अनु अग्रवाल, पर्यावरण संरक्षक बृजेश अवस्थी, कार्यक्रम संयोजक आकाश चडढ़ा , आरबीएस चौहान, विशाल भार्गव, गगन पांडे, ओम भाटिया, सतीश चड्ढा, अभिनाश त्रिपाठी, नीरज बाजपेई , लव चड्ढा, धीरज लंबा, रितेश चड्ढा, अमित त्रिवेद्वी, डॉली चड्ढ़ा रहीं।

किया निरीक्षण

## एसीएमओ ने किया सीएचसी चौबेपुर का औचक निरीक्षण, मरीजों से की बातचीत

# गैरहाजिर मिले 3 स्वास्थ्यकर्मी, दी चेतावनी

संवाददाता, चौबपुर

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्र स्थित सरकारी अस्पतालों की हकीकत जानने के लिए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने शुक्रवार को कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां तीन कर्मचारी अनुपस्थित मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। एसीएमओ ने विभिन्न वार्ड व ओपीडी देखे जाने के साथ अस्पताल आये मरीजों से बातचीत भी की। अस्पताल परिसर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिये जाने की बात कह पेयजल व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश दिये।

शुक्रवार सुबह करीब 9:10 बजे सीएचसी पहुंचे अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आरके गुप्ता ने सर्वप्रथम उपस्थिति रजिस्टर चेक किया, जहां स्टाफ नर्स सुधा गौतम, इकराम व ज्योति कनौजिया को गैरहाजिर देख प्रभारी डॉ यशोवर्धन सिंह से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि इकराम अवकाश पर है, जबकि अन्य दो स्वास्थ्य कर्मी थोड़ी ही देर में अस्पताल पहुंच गए। उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाने की चेतावनी दी गई। तत्पश्चात एसीएमओ ने इमरजेंसी वार्ड, पैथोलॉजी, एक्स-रे रूम, औषधि वितरण कक्ष व प्रसव कक्ष का निरीक्षण कर टीबी कार्यक्रम के बाबत जानकारी हासिल की। इस दौरान सिजेरियन प्रसूता वर्तिका ,निवासी गोसाई पुरवा, पेम से उसका हाल-चाल पूछा,जहाँ जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ्य मिले। हीटवेव को देखते हुए व्यवस्था चाक चौबंद रखने की नसीहत दे, हेल्प डेस्क सही तरीके से क्रियान्वित करने की बात कही।



उपस्थिति रजिस्टर चेक करते अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरके गुप्ता।

- **स्वच्छता व पेयजल व्यवस्था सुचारु रखने के दिये निर्देश**

टीकाकरण की जानकारी के साथ उन्होंने कोल्ड चेन का निरीक्षण किया। इस दौरान वैक्सीन भंडारण के सही तरीके भी स्वास्थ्य कर्मियों को बताए। ओपीडी में आए मरीजों से बातचीत कर स्वच्छ पेयजल व ताजा भोजन करने की नसीहत दी। साथ गर्मी के दौरान जंक व फास्ट फूड से बचने की सलाह दी। अस्पताल में पेयजल व स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिए जाने की बात कह चिकित्सकों व पैरामेडिकल कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर डॉ विपुल चतुर्वेदी, डॉ रेखा अग्रवाल व डॉ सुशील आदि मौजूद रहे।

# हालामऊ में ट्रांसफार्मर फुंकने से बिजली ठप

संवाददाता ककवन

- **पिछले चार दिनों से फुंका पड़ा है ट्रांसफार्मर, लोग हलकान**

**अमृत विचार।** ककवन ब्लॉक के हालामऊ गांव में पिछले चार दिनों से बिजली का ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी और उमस में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बिजली आपूर्ति ठप होने से गांव में पेयजल संकट भी गहरा गया है, क्योंकि अधिकतर घरों में पानी की मोटरें बिजली से ही चलती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर फुंकने की सूचना बिजली विभाग को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारी इसे ठीक करने के लिए गांव नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों में बिजली विभाग की लापरवाही के प्रति गहरा आक्रोश है। हालामऊ निवासी श्रीराम ने बताया कि ट्रांसफार्मर फुंकने से न केवल घरों की बिजली गुल है, बल्कि मोबाइल चार्जिंग और रात के समय रोशनी का भी अभाव है। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। ग्राम प्रधान मिंटू राठौर ने बताया कि पानी की किल्लत के कारण उन्हें दूरदराज से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलवाने और बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो वे धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। मामले मे एसडीओ अमरनाथ ने बताया कि जानकारी मिली है जल्द ही प्रयास करके ट्रान्सफार्मर बदलवाया जाएगा।

## एक नजर

### नदियों में 31 अगस्त तक मत्स्य आखेट प्रतिबंधित

**कानपुर देहात।** शासनादेश के तहत जिला मजिस्ट्रेट आलोक सिंह ने जनपद की सीमा में बहने वाली सभी नदियों की जल धाराओं में 31 अगस्त तक मत्स्य आखेट को पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। उन्होंने आदेश के उल्लंघन की स्थिति में मत्स्य अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है। निर्देश दिए हैं कि इस आदेश का कड़ाई के साथ पालन कराया जाए।

### जिला स्तरीय समाधान दिवस अब 9 को होगा

**कानपुर देहात।** एडीएम प्रशासन अमित कुमार ने बताया कि रोस्टर के अनुसार 7 जून को बकरीद का सार्वजनिक अवकाश होने से अब 9 जून को रसूलाबाद तहसील में डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस होगा। सिकंदरा तहसील में सीडीओ, अकबरपुर तहसील में एडीएम प्रशासन, भोगनीपुर में एडीएम वित्त व डेरापुर में एडीएम न्यायिक शामिल होंगे।

# अमृत सरोवर मैदान पर होगा योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- जनपद में 15 से 21 जून तक चलाया जाएगा योग सप्ताह
- योग दिवस पर 21 जून को ईको पार्क में होंगे कार्यक्रम

**अमृत विचार।** ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह चलेगा। योग सप्ताह के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार में बैठक कर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में डीएम आलोक सिंह ने कहा कि 15 से 21 जून तक आयोजित होने वाले योग कार्यक्रमों में व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए और सभी शासकीय विभागों को भी जोड़ा जाए। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को होने वाले मुख्य योग कार्यक्रम में अधिकारी और कर्मचारी सुबह 7 बजे से सामुदायिक केंद्र माती में उपस्थित होंगे। वहीं विकास खंड स्तर पर बीडीओ के नेतृत्व में योग सप्ताह तक सामूहिक योगाभ्यास कायक्रमों का आयोजन किया जाए।


अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

इसी तरह ग्राम पंचायत स्तर में ग्राम प्रधान के नेतृत्व में सदस्यों को शामिल करते हुए अमृत सरोवर मैदान पर सामूहिक योगाभ्यास कराएं। डीएम ने कहा कि कार्यक्रम के पूर्व सभी ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान भी चलाया जाए। उन्होंने बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग को योग सप्ताह अंतर्गत सामूहिक योगाभ्यास, ड्राइंग, पोस्टर-रंगोली, निबंध, स्लोगन एवं योगासन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराने के लिए निर्देशित किया।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि 15 जून को जनपद मुख्यालय में योग सप्ताह का शुभारंभ एवं उद्घाटन 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय अकबरपुर में सुबह 8 बजे होगा। वहीं 21 जून को सुबह 7 बजे से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद मुख्यालय के ईको पार्क माती में सामूहिक योगाभ्यास के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस मौके पर सीडीओ लक्ष्मी एन., डीआईओएस ब्रजभूषण चौधरी, बीएसए अजय कुमार मिश्र समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की गई जान

**पुखरायां।** चौरा गांव के समीप झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर एक बुजुर्ग ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के चौरा गांव के समीप हुआ।

बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत होने की सूचना स्थानीय लोगों ने भोगनीपुर कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर बारीकी से छानबीन की। छानबीन के दौरान बुजुर्ग की जेब से मिले पहचान पत्र के आधार पर उनकी पहचान देवराहट थाना क्षेत्र के शेल्हूपुर गांव के रहने वाले प्रताप सिंह (60) के रूप में हुई। पुलिस ने इस हादसे की सूचना परिवार वालों को दी तो परिवार के लोग रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# सोने की जंजीर छीनकर भागे लुटेरे कैमरे में कैद

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** कस्बा के रामनगर मोहल्ले में बाइक सवार दो लुटेरे घर के बाहर बैठे एक व्यक्ति के गले में झपट्टा मार चेन लूट ली और भाग निकले। दोनों कैमरे में कैद हुए हैं।

रामनगर के वालेस्टर सिंह चौहान दोपहर में अपने घर के बाहर बैठे थे, तभी बाइक पर सवार दो युवक आए और गले से आठ ग्राम की सोने की चेन छीनकर भाग गए। पीड़ित ने अज्ञात दो बाइक सवारों के खिलाफ चेन स्नेचिंग की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस शातिरों के करीब पहुंच गई है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।


सीसीटीवी कैमरे में कैद बाइक सवार।

### दो वांछित हत्थे चढ़े

**पुखरायां।** पुलिस ने वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। भोगनीपुर कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने बताया कि मलासा निवासी सुभाष व विभपूजन को देवीपुर के पास से पड़ा गया है। दोनों विभिन्न धाराओं में वांछित चल रहे थे।

# बेटी के घर जाने को निकले किसान नेता की थमीं सांसें

## रूरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते समय अचानक गश खाकर गिरे

संवाददाता, रूरा

- स्टेशन मास्टर ने फौरन भेजा अस्पताल, नहीं बच सकी जान
- बेटी के घर अखंडपाठ में भाग लेने जा रहे थे जयप्रकाश

**अमृत विचार।** बेटी के घर जाने के लिए रूरा रेलवे स्टेशन पहुंचे किसान नेता जयप्रकाश ट्रेन का इंतजार कर रहे थे, तभी अचानक उनकी हालत बिगड़ी और गश खाकर गिर गए। यात्रियों की सूचना पर स्टेशन मास्टर ने फौरन एंबुलेंस बुलाकर उन्हें अस्पताल भिजवाया, मगर अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में मौत हो गई।


जयप्रकाश।

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के बन्नाजाखा गांव के रहने वाले जय प्रकाश (58) भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के अकबरपुर तहसील उपाध्यक्ष थे। शुक्रवार की सुबह वह गांव से रूरा रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्हें झींझक क्षेत्र के मुड़ेरा किन्नर सिंह गांव में ब्याही बेटी के यहां अखंड रामायण पाठ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाना था। झींझक का टिकट लेने के बाद वह रूरा स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। उनके साथ कुछ और लोग भी मौजूद थे। अचानक किसान नेता जयप्रकाश गश खाकर गिर पड़े और उनकी हालत बिगड़ गई। आसपास मौजूद यात्रियों ने मामले की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर अशोक कुमार ने फौरन एंबुलेंस बुलाई और जयप्रकाश को रूरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी सांसें थम गईं। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुनील कुमार ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर घर पहुंची तो भतीजा अवधेश, पुत्र सुधीर, कृष्ण कुमार, राघवेंद्र और पत्नी भूरी आदि रोते-बिलखते पहुंचे। उधर, बेटी की ससुराल खबर पहुंची तो गम पसर गया।


किसान नेता की मौत पर रेलवे स्टेशन पर गमगीन खड़े परिजन। अमृत विचार

## लाठी-डंडे चलने से 3 लोग घायल

**शिवली।** दो अलग-अलग मामलों को लेकर गांवों में लाठी डंडा व फडुही से मारपीट हुई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के भटुवामऊ निवासी श्रीकृष्ण तिवारी ने पुलिस को बताया कि उसके खेतों पर पड़ा भूसा उसके भाई विनोद तिवारी, राजेंद्र तिवारी व मुकेश तिवारी जबरन ले जा रहे थे। उसने विरोध किया तो लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। बचाने दौड़े बेटे आंनद को भी मारपीट कर घायल कर दिया। जिसमें पिता-पुत्र गंभीर रूप घायल हो गए। दूसरी घटना में मैथा मारग गांव निवासी रविंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उसके मौसी का पुत्र करन सिंह उर्फ बसंतू उससे शराब पीने की बात करने लगा। जब उसने मना किया तो आरोपी ने फडुही से उसपर हमला कर घायल कर दिया। इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# फ्रिज के करंट से महिला की मौत

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार।** बुधौली गांव में घर में पोछा लगाते समय फ्रिज के करंट से महिला की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर पीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया।


ओमनी देवी।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के नंदना गांव निवासी जितेंद्र कटियार की पत्नी ओमनी देवी (35) कुछ दिन पहले ही अपने मायके बुधौली गांव आई थी। शुक्रवार को घर की सफाई के बाद पोछा लगाते समय फ्रिज में उतरे करंट की चपेट में आकर वह बेहोश हो गई। परिजन आनन-फानन उन्हें एंबुलेंस से राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टर अमित निरंजन ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पिता मनोज कुमार ने बताया कि नंदना निवासी दामाद जितेंद्र वाराणसी में नौकरी करते हैं। करीब एक महीने पहले बेटी मायके बुधौली आई थी। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मां दीप्ति, बेटी आर्या, भाई लक्ष्य आदि बिलखते रहे। सूचना पर पहुंचे सिकंदरा थाने के एसआई चरन सिंह ने छानबीन की। प्रभारी निरीक्षक हरिओम त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।


मायके में पोंछा लगाते समय मौत होने पर बिलखती रही मां। अमृत विचार

### संदिग्ध हालात में महिला की मौत, जांच शुरू

**रूरा।** थाना क्षेत्र के सिठमरा गांव में शुक्रवार शाम करीब 6 बजे एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। जांच के लिए फील्ड यूनिट को बुलाया गया। मायके पक्ष को सूचना दी गई है। सिठमरा गांव में संजय कुमार श्रीवास्तव की पत्नी अनुपम देवी (40) की शाम को संदिग्ध हालात में मृत्यु हो गई। बताते हैं कि अनुपम एक हफ्ते पहले ससुरालजनों की शिकायत लेकर थाने पहुंची थी। उसने बताया था कि पति, सास, ससुर व देवर अक्सर उसके साथ मारपीट करते हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# भाजपा के भावी कार्यक्रम तय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** भाजपा कार्यालय में मोदी शासन के सेवा-समर्पण और जनकल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह बात जिला प्रभारी ने भाजपा सरकार के ग्यारह वर्ष पूर्ण होने पर 10 से 17 जून तक चलने वाले कार्यक्रमों को लेकर शुक्रवार को हुई कार्यशाला में कही।

भाजपा के जिला प्रभारी अशोक सिंह राजपूत ने कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि जिलास्तर पर 11 जून को अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता करेंगे। इसके बाद अकबरपुर फ्लाई ओवर पार्क में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन पार्टी कार्यालय में होगा। 12 से 24 जून के बीच मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा तथा 15 से 17 जून के बीच शक्ति केंद्रों पर मुहल्ला और ग्राम चौपाल आयोजन के साथ वरिष्ठ नागरिको के लिए आयुष्मान पंजीकरण, वितरण कैंप तथा ग्यारह साल की उपलब्धियों के पत्रक घर-घर बांटने का काम किया जाएगा।


कार्यशाला में जानकारी देते भाजपा के जिला प्रभारी अशोक राजपूत। अमृत विचार

- केंद्र सरकार के सेवा-समर्पण के 11 वर्ष होने पर होंगे कार्यक्रम
- 10 से 17 जून तक के कार्यक्रमों को लेकर सौंपी गई जिम्मेदारी

जिलाध्यक्ष रेणुका सचान ने सेवा-समर्पण और जनकल्याण के ग्यारह वर्ष के कार्यक्रम के लिए सौरभ मिश्रा को प्रभारी बनाया है। वहीं सह कार्यक्रम संयोजक बबलू कटियार, राकेश तिवारी, केपी सिंह को बनाया गया है। इस मौके पर जिला महामंत्री रामजी गुप्ता, कल्पना सक्सेना, बबलू शुक्ला, फूल सिंह कठेरिया, महेश सिंह, राकेश तिवारी, शिवपाल सिंह, बिट्टू द्विवेदी, अमित राजपूत, जीतेंद्र द्विवेदी, प्रांशु शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा आदि रहे।

## इग्नू की सत्रांत परीक्षाएं 12 से

**पुखरायां।** कस्बे के रामस्वरूप ग्रामोद्योग परास्नातक महाविद्यालय में संचालित इग्नू कोर्स की परीक्षाएं 12 जून से 19 जुलाई तक चलेंगी।

क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पुखरायां अध्ययन केंद्र के साथ लखनऊ जोन में आने वाले 32 जनपदों में से 18 केंद्रों में परीक्षाएं होंगी। यह परीक्षाएं दो पाली में होंगी। प्रथम पाली सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर दो से शाम 5 बजे के मध्य होगी। केंद्र समन्वयक डॉ. पर्वत सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों को विकलांगता से संबंधित दिशा निर्देशों का पालन कराए जाने के निर्देश प्राप्त हुएं हैं। सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को अपने पास हॉल टिकट, एडमिट कार्ड एवं इग्नू द्वारा जारी परिचय पत्र रखना होगा।

# खाद के लिए खेत मालिक का देना होगा आधार कार्ड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- पीओएस मशीन में खेत मालिक का दर्ज होगा आधार नंबर, नाम

**अमृत विचार।** खेती-बाड़ी के अलावा अन्य कार्यों में उर्वरकों के इस्तेमाल पर अंकुश लगेगा। शासन के निर्देश पर अब बटाई पर खेत लेने वाले किसानों को खेत में उर्वरक डालने के लिए अब खेत मालिक का आधार कार्ड देना होगा। इसके बाद ही उन्हें यूरिया व डीएपी दी जाएगी।

जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश गुप्ता ने सभी खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि यदि किसान यह बताकर उर्वरक क्रय करता है कि वह बटाईदार के खेत में प्रयोग करेगा, तो किसान से खेत मालिक का आधार कार्ड लिया जाए एवं पीओएस मशीन में खेत मालिक का आधार कार्ड नंबर, नाम लिखा जाए। इसके बाद उर्वरक क्रय करने किसान का अंगूठा लगवाकर यूरिया एवं डीएपी दी जाए। रिटेलर द्वारा उर्वरक मशीन से खारिज करते समय किसान या अन्य का विकल्प आता है तो बटाईदार के केस में अंदर आप्सन को क्लिक कर बटाईदार का विवरण अंकित करें, किसान का अंगूठा भी लगवाएं। बटाईदार का विवरण उपलब्ध कराने के बाद ही उनकी जोत एवं फसल की संस्तुत मात्रा के अनुसार अनुदानित उर्वरकों का वितरण करें। बटाईदार के नाम पर अनुदानित उर्वरक को रिटेलर द्वारा खारिज करना एवं उर्वरकों को अन्य प्रयोजन से गलत तरीके से वितरण करने का प्रकरण प्रकाश में आने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


मृत्युदंड की सजा दिलाने वाले एडीजीसी को सम्मानित करते साथी अधिवक्ता।

### मृत्युदंड की सजा दिलाने वाले एडीजीसी का सम्मान

**कानपुर देहात।** जनपद कचहरी के इतिहास में नए कानून भारतीय न्याय संहिता के तहत अभियोजन पक्ष से अपनी मजबूत पैरवी से दोषी को अदालत से मृत्युदंड की सजा दिलाने में सफलता हासिल करने वाले एडीजीसी विवेक त्रिपाठी को डीजीसी कार्यालय में फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया। गुरुवार को भोगनीपुर क्षेत्र के पिपरी गांव की छह साल की काव्या की हत्या और परिवार के छह लोगों पर जानलेवा हमले के मामले में अपर जिला जज छह की अदालत ने दोषी दीपू को मृत्युदंड की सजा सुनाई थी। इस पर जिला शासकीय कार्यालय में शुक्रवार को अभियोजन को ऐतिहासिक उपलब्धि दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले एडीजीसी विवेक त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रदीप पांडेय ने कहा कि विवेक त्रिपाठी ने अभियोजन संवर्ग में जनपद का नाम ऊंचा किया है। वह बधाई के पात्र हैं। शासकीय अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव का पल है। जिला शासकीय अधिवक्ता विजय सिंह ने कहा कि ऐसी पैरवी से निश्चित रूप से शासन की मंशा के अनुरूप कार्य हुआ है। डीजीसी सिविल गोपाल स्वरूप ओमर ने कहा यह हम सबके लिए बहुत गौरव का विषय है कि हमारे ही बीच के शासकीय अधिवक्ता ने यह ऐतिहासिक कार्य किया। इस मौके पर शासकीय अधिवक्ता राकेश मिश्रा, अमित सिंह, अजय त्रिपाठी, विशाल सिंह, अमर सिंह भदौरिया, संतोष कटिहार, राम रक्षित शर्मा, केके सिंह सहित साथी अधिवक्ता उपस्थित रहे।


शिवली में शुक्रवार को स्टाल लगाकर शर्बत पिलाते लोग। अमृत विचार

### निर्जला एकादशी पर शर्बत पिलाकर कमाया पुण्य

**शिवली।** निर्जला एकादशी पर जगह-जगह राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। गर्मी में लोगों ने शर्बत पीकर राहत की सांस ली। शुक्रवार को कस्बे में भाजपा नेता चारु अवस्थी की ओर से शर्बत वितरण किया गया। यहां अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजा तिवारी, रामप्रताप सिंह, कृष्ण चंद्र तिवारी, अनुभव मिश्रा, निक्की दुबे, अंकित पांडेय, निखिल सैनी, चंदन सोनकर, लवकुश शर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं मैथा तहसील में अधिवक्ताओं की ओर से शर्बत वितरण किया गया। यहां अकबरपुर तहसील के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, रणविजय सिंह, रवि द्विवेदी, संयुक्त मंत्री शारदा शुक्ला, अनुज पाल, बलीशंकर त्रिवेदी, लोकेश द्विवेदी, जीतेंद्र वर्मा, जीतू यादव मौजूद रहे। इसी तरह मैथा, बैरी, औनहा, शिवली, बाघपुर, भाऊपुर में शर्बत बांटा गया।

### मैथा के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बने केंद्रीय नोटरी अधिवक्ता

**शिवली।** मैथा तहसील के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह को भारत सरकार से नोटरी नियुक्त किया गया। विधि मंत्रालय के उप विधिक सलाहकार ने पत्र भेजकर इस बात की जानकारी दी है। नोटरी पांच वर्ष के लिए व्यवसाय के लिए मान्य है। भारत सरकार से नोटरी नियुक्त किए जाने पर अधिवक्ताओं ने खुशी जताई है।



# 10 बोरी से ज्यादा यूरिया की खरीद पर जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- शासन के निर्देश पर जांच शुरू होने से विक्रेताओं में हड़कंप

**अमृत विचार।** अप्रैल व मई माह में एक बार में 10 बोरी से अधिक यूरिया खरीदने और बेचने वाले दुकानदारों व किसानों की जांच शुरू की गई है। वहीं विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि कंपनी या डीलर के कहने पर यूरिया को कृत्रिम रूप से खारिज न करें। ऐसा करने पर लाइसेंस निरस्त करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश गुप्ता ने बताया कि शासन की ओर से अप्रैल एवं मई में कृषि विभाग को उर्वरक की जांच के निर्देश दिए गए थे। जांच में पाया गया कि कई किसानों ने एक बार में 10 से अधिक बोरी यूरिया खरीदी। इसे देखते हुए यूरिया खरीदने वाले किसानों एवं बिक्री करने वाले रिटेलरों की शासन ने सघन जांच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसान एवं उर्वरक विक्रेता किसी भी दशा में खतौनी के आधार पर दी जाने वाली यूरिया से अधिक न तो खरीदें और न ही बेचें। किसी विक्रेता द्वारा कृत्रिम रूप से यूरिया को पीओएस मशीन से खारिज किया जाता है तो उसके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत कार्रवाई की जाएगी। 10 बोरी से अधिक खरीदने वाले किसान एवं देने वाले उर्वरक विक्रेताओं की टीमों ने जांच शुरू कर दी है। कोई भी रिटेलर, कंपनी या डीलर के कहने पर यूरिया को कृत्रिम रूप से खारिज न करें। ऐसा करने पर लाइसेंस निरस्त करते हुए उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। वहीं कृषि विभाग की ओर से जांच शुरू होने पर निर्धारित बोरी से अधिक बिक्री करने वाले उर्वरक विक्रेताओं व किसानों में हड़कंप की स्थिति है।

**तैयारियों पर मंथन** नोडल अधिकारी ने बेहतर सफाई के साथ भरपूर बिजली-पानी देने के दिए निर्देश

# अवैध स्लॉटर हाउसों पर होगी सख्त निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** विशेष सचिव नगर विकास विभाग एवं जिले के नोडल अधिकारी ने शुक्रवार को माती सर्किट हाउस में त्योहारों व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर नगरीय क्षेत्रों में आवश्यक तैयारियों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि बकरीद पर नगर के प्रमुख स्थानों, मस्जिदों, कब्रिस्तानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैठक में विशेष सचिव नगर विकास विभाग एवं जिले के नोडल अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सभी जलापूर्ति केंद्रों की नियमित निगरानी कर निर्बाध एवं स्वच्छ जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। गर्मी को देखते हुए जल टैंकरों की उपलब्धता भी रखें। जिन स्थानों पर आरओ हैं, उनकी नियमित सर्विस कराएं। निर्देश दिए कि बकरीद के दौरान अवैध रूप से संचालित स्लॉटर हाउसों पर सख्त निगरानी रखी जाए। वैध एवं अधिकृत स्थलों पर ही पशु वध की अनुमति प्रदान की जाए। नोडल अधिकारी ने विश्व पर्यावरण दिवस अंतर्गत नगरीय निकाय व अन्य विभागों को मिलकर पौधरोपण करने और नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक करने के लिए निर्देशित किया। कहा कि 21 जून को योग दिवस के सफल आयोजन के लिए सार्वजनिक स्थलों का चयन कर तैयारियां शुरू कराएं। इसके बाद नोडल अधिकारी ने एडीएम प्रशासन अमित कुमार के साथ माती ईको पार्क में एक पेड़ मां के नाम आम का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अधिशासी अधिकारी को ईको पार्क में वर्षा ऋतु के मद्देनजर जलनिकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्क के बाहर नाले का भी निरीक्षण किया और उसे पूरी तरह ढकने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी ने अकबरपुर में नाला सफाई भी देखी और बारिश के पूर्व सफाई पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

- विशेष सचिव ने ईको पार्क में मां के नाम रोपा आम का पौधा


माती सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक करते नोडल अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह।


अकबरपुर में नाले की सफाई कराई।

# सड़क किनारे खड़े युवक को ट्रक ने कुचला, मौत

## दुर्घटना के बाद ट्रक चालक भीड़ को आता देख मौके से हुआ फरार , पुलिस कर रही जांच

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चिचारा कहरा रोड पर खड़े एक युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया, जिससे युवक मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक घटना स्थल से फरार हो गया, पुलिस ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली मौदहा के ग्राम रीवन निवासी रवि कुशवाहा (20) पुत्र लक्ष्मण कुशवाहा अपने साथी तीरथ कुशवाहा (22) के साथ कहरा में अपने मित्र रानू खान से मिलने आया था। रानू खान ट्रक चलाता है, वह ट्रक लेकर कहरा मार्ग पर एक क्रेशर में गिट्टी भरवा रहा था, तभी तीरथ कुशवाहा क्रेशर में ट्रक चालक के पास बात करने चला गया, और रवि क्रेशर के बाहर सड़क किनारे खड़ा हो गया। उसी समय कहरा की तरफ आ रहे एक ट्रक चालक का संतुलन बिगड़ गया और उसने रवि को कुचल दिया, जिससे वह खून से लथपथ हो गया। शोर शराबा सुनकर क्रेशर से बाहर निकले उसके साथी तीरथ कुशवाहा ने उसे नाजुक हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कबरई पहुंचाया, लेकिन रवि की हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।


अस्पताल परिसर में मौजूद ग्रामीण व परिजन। अमृत विचार

दुर्घटना के बाद भीड़ को आता देख ट्रक चालक मौके की नजाकत को भांपते हुए घटना स्थल से भाग निकला।

पुलिस की सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों का जिला अस्पताल में रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक चालक की तलाश में जुट गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

### बाइक डिवाइडर से टकराई युवक की मौत, एक घायल

**इकदिल इटावा।** दोस्त के साथ बाइक से जा रहे एक युवक की बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे पर ग्राम बिरारी के पास डिवाइडर से टकरा गई। बाइक के टकराने से दोनों सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। रास्ते में एक युवक की मौत हो गई। दूसरे की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई भेज दिया । इटावा जिले के बसरेहर थाना क्षेत्र के ग्राम खडकोली निवासी हीरालाल का 19 वर्षीय पुत्र अभिषेक पाल अपने दोस्त रतन पुत्र रामनरेश उम्र करीब 23 वर्ष निवासी बकेवर के साथ बाइक से किसी काम से बकेवर जा रहा था । जब उसकी बाइक इकिदल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर गांव बिरारी के पास पहुंची तभी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे दोनों को चोटें आ गई। राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना इकदिल पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दोनो लोगों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां रास्ते में अभिषेक पाल की मौत हो गई। रतन की हालत गंभीर होने की वजह से प्राथमिक उपचार के बाद सैफ़ई मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया गया।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान थम गईं सांसें

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी दिलीप कुमार (30) पुत्र रमेश सिंह बाथम 3 मई शाम ई-रिक्शा से अपने पिता के साथ गांव बघुआ काम से बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे होते हुए जा रहे थे। तभी गांव छछूंद के पास बने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पुल के पास अछल्दा की ओर से आ रही कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से ई-रिक्शा पलट गया, जिससे दिलीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल अवस्था में कार चालक अपनी कार से लेकर मोतीझील इटावा अस्पताल पहुंचा। उसके बाद कार लेकर फरार हो गया। एक घंटे बाद डॉक्टर ने हालत गंभीर होने के कारण पीजीआई सैफई रेफर कर दिया। घटना के छह दिन बाद दिलीप कुमार की शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही घर में कोहराम मच गया। सैफई पुलिस द्वारा शुक्रवार को पोस्टमार्टम करा कर मृतक के शव को परिजनों सुपर्द कर दिया गया।

## पूजन सामग्री विसर्जन करने गया युवक नहर में डूबा, मौत

**अछल्दा, औरैया।** अखंड पाठ के समापन के बाद पूजन सामग्री का विसर्जन करने गया युवक नहाते हुए नहर में डूब गया और उसकी मौत हो गी।

गांव तेहराजपुर निवासी (36) अनूप कुमार उर्फ सोनू पुत्र गयाशंकर बाथम के घर पर बुधवार को अखंड पाठ का आयोजन शुरू हुआ। समापन गुरुवार को होने बाद शुक्रवार सुबह फूलडोर विसर्जन गांव से जा रहे थे। गांव के नगरिया बंबा पर आकर सामग्री को जल प्रवाह करने के बाद अन्य लोग घर चले गए। जबकि सोनू कुछ साथियों के साथ वाहन से निचली गंग नहर गांव तुर्कपुर के पास बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे पुल के पास पंहुचकर नहाने लगा। इस दौरान एक किशोर और युवक डूबने लगा।र स्थानीय लोग दौड़ पड़े और नहर में कूद कर किशोर को बचा लिया और साथी सोनू को नहर से बाहर निकालकर आनन-फानन में सीएचसी अछल्दा लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सक अमरदीप चौधरी ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सार-संक्षेप



बैरिकेडिंग कर बंद किया गया कर्वी बस स्टैंड। अमृत विचार

### कर्वी बस स्टैंड को बैरिकेडिंग कर बंद किया

**चित्रकूट।** शहर में जाम को देखते हुए जिला प्रशासन ने कर्वी स्थित बस स्टैंड को बैरिकेटिंग लगाकर सीज कर दिया। प्रशासन के इस निर्णय से लोगों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के मार्गदर्शन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू ने शुक्रवार को अस्थाई बस स्टैंड को बैरिकेडिंग कराकर बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि शहर मंक जाम को देखते हुए बेड़ी पुलिया पर नया बस स्टैंड बनाया गया था। अब वहीं से सभी बसें संचालित होंगी। इस अवसर पर तहसीलदार कर्वी चंद्रकांत तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कर्वी लालजी यादव, एसएचओ कोतवाली कर्वी उपेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार मंगल यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### किशोरी से छेड़छाड़ में दोषी को 3 साल की कैद

**कन्नौज।** किशोरी को बदनीयती से दबोच कर छेड़छाड़ करने के सात साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका यादव ने दोषी को सजा सुनाई है। फैसले में उसे तीन साल की कैद के साथ 5 हजार रुपये अर्थदंड भुगतने का आदेश दिया है। विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि सौरिख के एक गांव निवासी पीड़ित ने 21 जून 2018 को एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि उसकी पुत्री (14) को दिन के दो बजे जय कुमार की बेटी ने अपने घर बुलाया। उसी समय गांव के ही आकाश पुत्र मुन्नू जमादार ने बेटी को बुरी नीयत से चारपाई पर गिरा लिया। वह चिल्लाई तो उसे दबा दिया। शोर सुनकर उसकी बड़ी बहन आ गई और उसे छुड़ाकर घर ले आई। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद विवेचक की तरफ से आरोप पत्र दाखिल किया गया। कोर्ट में चली सुनवाई शुक्रवार को पूरी हो गई। इसके बाद न्यायाधीश ने आकाश को दोष सिद्ध ठहराते हुए सजा तथा जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना अदा न किए जाने की सूरत में दोषी को एक माह की कैद और भुगतने का आदेश दिया।

### फांसी के फंदे से लटका मिला युवती का शव

**भरथना (इटावा)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालिमपुर में बीएससी की छात्रा निशा 20 वर्ष पुत्री सुनील कुमार का शव घर के आंगन में गमछे से फंदे पर लटका मिला। छात्रा के पिता सुनील कुमार प्रजापति रोज की तरह दुकान खोलने घर से निकले ही थे कि तभी उनकी नजर बरामदे में लटकी अपनी बेटी के शव पर पड़ी। चीख पुकार सुनकर घर के सदस्य दौड़ते हुए आए और निशा के शव को फंदे से उतारा। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। भरथना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच पड़ताल की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया गया। भरथना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह का कहना है कि फिलहाल मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का है फिर भी जांच पड़ताल की जा रही है।

### दबंगों ने रेस्टोरेंट संचालक को पीटा

**बकेवर (इटावा)।** कस्बे के औरैया मार्ग पर रेस्टोरेंट मालिक द्वारा ग्राहक से नाश्ता के पैसे मांगने पर नाराज़ ग्राहक ने अपने साथियों के साथ मिलकर रेस्टोरेंट संचालक और उसके भाई को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। बीच बचाव करने आए दो अन्य ग्राहकों से भी मारपीट करने के साथ एक कार और बाइक में भी तोड़ फोड़ की। क्षेत्र के ग्राम शेरपुर कोठी निवासी सत्यम ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि कस्बा बकेवर निवासी नामजद तीन आरोपी उनके रेस्टोरेंट में आए और उन्होंने सामान की खरीदारी की। जब उसने पैसे मांगे तो आरोपी गाली-गलौज करने लगें उसने गाली देने का विरोध किया तो तीनों लोगों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी । उसका भाई व अन्य दो ग्राहक उसे बचाने आए तो आरोपियों ने उनको भी पीटा । जिसपर रेस्टोरेंट संचालक और उसके भाई ने भाग कर खुद को एक कमरे बंद कर लिया। बौखलाहट में आरोपियों ने रेस्टोरेंट मालिक की कार व बाइक को ईंट पत्थर मारकर छतिग्रस्त कर दिया। पुलिस को देखकर आरोपी मौके से भाग गये।

# दंपति ने खाया जहर, पति की मौत

संवाददाता, कुरारा हमीरपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बिलौटा गांव में घरेलू कलह के चलते पति-पत्नी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत गंभीर होने पर परिजन दोनों को लेकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान पति की मौत हो गई और पत्नी का उपचार जारी है।

थाना क्षेत्र के बिलौटा गांव के रहने वाले मलखे (60) और उसकी पत्नी जानकी (58) ने गुरुवार की शाम घरेलू कलह के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ती देखकर परिवार के लोग उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी का इलाज चल रहा है।

बताते हैं कि मलखे खेती-किसानी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके दो बच्चे हैं, जो गांव में ही रहकर मजदूरी करते हैं। हरौलीपुर चौकी इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद का कहना है कि मलखे का छोटा लड़का नशे का आदी है, जिससे वह परेशान रहते थे और उसी को लेकर परिवार में अक्सर झगड़ा होता था। पता चला है कि इसी कलह को लेकर दोनों पति-पत्नी ने जहरीला पदार्थ गटक लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### किशोरी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**बिवांर (हमीरपुर)।** कुनहेटा चौकी के पारा गांव में एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पारा गांव का चुनकौना अपनी पत्नी के साथ बाहर रहकर ईंट भट्ठे में काम करता है। उसकी पुत्री रूबी (17) अपनी छोटी बहन और दादी के साथ गांव में ही रहती थी। गुरुवार देर शाम वह दादी के साथ खाना खाकर सो गई। रात में रूबी ने कमरे में दुपट्टा बल्ली में बांधकर फंदा लगा लिया। शुक्रवार सुबह दादी जब जागी तो उसे फंदे पर लटका देख शोर मचाया। रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व फील्ड यूनिट टीम ने कमरे को खोला और जांच पड़ताल की। किशोरी के आत्महत्या करने की वजह अभी परिजन नहीं बता पा रहे हैं। चौकी प्रभारी अखिलेश प्रसाद ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## गैरइरादतन हत्या में पिता-पुत्र समेत तीन को सजा

**कन्नौज।** गैरइरादतन हत्या के मामले में कोर्ट ने पिता पुत्र समेत तीन को पांच-पांच साल की जेल की सजा सुनाई गई है।

थाना ठठिया में मारपीट की घटना में मामला दर्ज हुआ था। इसमें दो सगे भाई तथा इनमे से एक का पुत्र आरोपी थे। इलाज के दौरान पीड़ित की मृत्यु हो गई थी। इसकी विवेचना कर विवेचक की तरफ से आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। सुनवाई पूरी होने पर न्यायालय एडीजे प्रथम ने दिनेश पुत्र जगदीश कठेरिया, जगदीश और रामलड़ैते पुत्रगण पंचम कठेरिया निवासीगण ग्राम पुरानी ठठिया थाना ठठिया जनपद कन्नौज को 05-05 वर्ष का कारवास व 20,000- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# चिटफंड कंपनी के बाहर किया आत्मदाह का प्रयास, मिले पैसे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** बेटी की शादी के लिए एक-एक रुपया जोड़ कर छह साल तक चिटफंड कंपनी में जमा किए। समय पूरा हो जाने के बाद भी धनराशि न देने से लड़की की शादी न हो पाने से परेशान मां ने चिटफंड कंपनी पहुंच कर आत्मदाह का प्रयास किया, तभी पुलिस ने महिला को आत्मदाह करने से बचाया और दबाव बनाकर उसका पैसा कंपनी से दिलाया, जिससे पीड़िता खासी खुश है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पचपहरा निवासी रामश्री ने अपनी बेटी की शादी के लिए एक निजी चिटफंड कंपनी अचीवर्ष में छह साल तक हर माह तीन हजार रुपये जमा किए। लेकिन समय पूरा हो जाने के बाद भी कंपनी के लोग पैसा लौटाने में टालमटोल कर रहे थे। पैसा न मिलने से बेटी की शादी में रुकावट आ रही थी, जिससे मां मानसिक रूप से परेशान और तनाव में थी। इससे वह कट्टी में मिट्टी का तेल लेकर कंपनी कार्यालय पहुंची और आत्मदाह का प्रयास करने लगी।

कंपनी कर्मियों द्वारा दी गई सूचना के बाद तत्काल कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और महिला को आत्मदाह करने से बचा लिया। कोतवाली पुलिस ने कंपनी प्रबंधक पर पैसा वापस काराने के लिए दबाव बनाया। इसके बाद महिला को कंपनी में जमा पूरी रकम वापस कराई और महिला को सुरक्षित घर तक पहुंचाया। पौसा मिले के बाद पीड़िता खुश है।

## प्रदेश

# बैंकॉक में हो रही यूपी टूरिज्म की इंटरनेशनल ब्रांडिंग की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 26 से 28 अगस्त 2025 तक बैंकॉक में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (पीएटीए) में अपनी भव्य उपस्थिति दर्ज कराने की तैयारी में जुट गया है। यह आयोजन प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों और निवेशकों के लिए एक आकर्षक टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में पेश करेगा।

पर्यटन विभाग 36 वर्ग मीटर के शानदार स्टॉल के माध्यम से राज्य की अनूठी छटा प्रदर्शित करेगा। यहां बौद्ध सर्किट जैसे सारनाथ, कुशीनगर और श्रावस्ती, साथ ही आध्यात्मिक और ऐतिहासिक स्थल जैसे वाराणसी, अयोध्या और महाकुम्भ को प्रमुखता दी जाएगी। स्टॉल में एलईडी वॉल स्क्रीन और ऑटो-नेविगेशन स्क्रीन पर राज्य के पर्यटन स्थलों की जीवंत छवियां प्रदर्शित की जाएंगी।

पर्यटक एआर आधारित डिजिटल टच पैनल पर उत्तर प्रदेश के छह खूबसूरत स्थलों की पृष्ठभूमि में सेल्फी भी ले सकेंगे। आने वाले मेहमानों को प्रदेश के ऐतिहासिक मंदिर, उनकी वास्तुकला और महात्म्य का भी रचनात्मक प्रदर्शन होगा, जिससे प्रदेश की समृद्ध धार्मिक-सांस्कृतिक परंपरा की विशिष्ट झलक मिलेगी।

### रोड शो में जोड़े जाएंगे 100 से अधिक स्टेक होल्डर्स

योगी सरकार बैंकॉक में एक दिन के अंतरराष्ट्रीय रोडशो का आयोजन भी करेगी। रोडशो में 100 से अधिक स्टेक होल्डर्स प्रतिभाग करेंगे। ट्रैवल ट्रेडर्स, ट्रैवल मीडिया और प्रभावशाली हस्तियां भी मौजूद रहेंगी। आयोजन बैंकॉक के द वेस्टिन ग्रांड सुखमवित, बैंकॉक मारियट मार्क्विस क्वीन्स पार्क या रैडिसन ब्लू प्लाजा जैसे तारांकित होटल में होगा। यहां हाई-टी, सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जो प्रदेश के पर्यटन पैकेज और निवेश अवसरों को हाइलाइट करेंगी। यहां तस्वीरें, फिल्में और प्रचार सामग्री भी प्रदर्शित की जाएंगी। अंग्रेजी में निपुण अधिकारी और स्थानीय भाषा के दुभाषिए आगंतुकों को प्रदेश की खूबियों से रूबरू कराएंगे, जिससे वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की अपील बढ़ेगी।

# रामलला संग राजा राम की सेवा कर रहे 20 अर्चक

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचारः** राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार और परकोटे के छह मंदिरों में देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद शुक्रवार से सभी मंदिरों में अर्चकों के द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन प्रारंभ हो गया है। सुबह 4 बजे रामलला के साथ राम दरबार की प्रतिमाओं का भी मंगला आरती हुई। उसके बाद स्नान अभिषेक और श्रृंगार के बाद स्थान पर एक साथ सुबह 6 बजे आरती भी उतारी गई।

इसके बाद परकोटा में स्थापित अन्य देवी देवताओं का पूजन किया गया। इसी तरह दोपहर में भोग आरती भी की गई। जिसके लिए 20 अर्चकों की तैनाती है। जिसमें चार पहले के पुजारियों के साथ श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा दो शिफ्ट में 16 पुजारियों को नियुक्त किया गया था। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अभी सभी मंदिरों में पूजन-अर्चन करने के लिए कोई नया रोटेशन लागू नहीं किया गया है, लेकिन सभी मंदिरों में पूजन-अर्चन की परंपरा को प्रारंभ कर दिया गया। एक पुजारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह रामलाल के साथ राम दरबार की भी पूजन विधि को सम्पन्न किया गया है। पहली शिफ्ट में पांच पुजारी भूतल और पांच पुजारी प्रथम तल पर मौजूद रहे। जहां पूजन की विधि-विधान पूर्वक परकोटा के अन्य मंदिरों में भी पहुंच कर पूजन अर्चन को संपन्न किया। वहीं दूसरे शिफ्ट में भी 5-5 पुजारियों की टीम दोनों गर्भगृह पर सायंकालीन परंपराओं को पूरा किया।

# डेढ़ लाख कार्मिकों ने नहीं भरा स्व मूल्यांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासन ने सख्ती से कहा कि स्व मूल्यांकन 15 तक दर्ज कराएं

**अमृत विचार।** बार-बार मौका दिए जाने के बाद भी 159759 कार्मिकों ने अपना ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर नहीं भरा है।

राज्य सभी 8,16,282 कार्मिकों को वर्ष 2024 में अपना काम-काज और स्व मूल्यांकन आख्या पोर्टल पर भरना अनिवार्य किया गया है। हालांकि मानव संपदा पोर्टल पर वर्ष 2023-24 में पहले सिर्फ समूह ''क'' व ''ख'' श्रेणी के कर्मियों के लिए यह अनिवार्य था, इस साल से समूह ''ग'' व ''घ'' कर्मियों को भी देना जरूरी कर दिया गया है। समूह घ के कर्मचारियों की आख्या उनके नियंत्रक अधिकारी भरेंगे। इस संबंध में वार्षिक प्रविष्टि मानव संपदा पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल करने के संबंध में नए दिशा निर्देश मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जारी किए थे। 3 अगस्त, 2023 को जारी शासनादेश में राज्य कर्मचारियों की नियुक्ति, कार्यभार ग्रहण, कार्यमुक्ति, अवकाश प्रबंधन, मेरिट बेस्ड ऑनलाइन ट्रांसफर, वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीआर) प्रबंधन, वेतन आहरण, सेवा पुस्तिका प्रबंधन मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से संपादित करने के निर्देश दिए गए थे। वर्ष 2024-25 के लिए इसे 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन शुरू कर दिया गया। समूह ''क'', ''ख'' व ''ग'' के अधिकारियों व कर्मियों द्वारा स्वमूल्यांकन आख्या 31 मई तक मानव संपदा पोर्टल पर उपलब्ध करानी थी।

बार-बार आदेश के बावजूद 7 मई तक 2,75,300 लोगों के स्व मूल्यांकन आख्या, प्रतिवेदक, समीक्षक स्वीकर्ता अधिकारी के मंतव्य अंकन लंबित थे। विभागों की ओर से कहा गया कि 15 मार्च बीत जाने के बाद पोर्टल लॉक है, लंबित प्रविष्टियों का अंतिमीकरण नहीं हो पा रहा है। जवाब में 20 मई को जारी शासनादेश में पोर्टल का लॉक खोल दिया गया।

25 मई तक सभी को प्रविष्टियां दर्ज करने के निर्देश दिए गए। इसके बावजूद लापरवाही सामने आने पर फिर 2 जून की समीक्षा में मात्र 5,38,945 कार्मिकों की ओर से अपनी प्रविष्टियां और वर्क फ्लो जनरेट कराया पाया गया। अगली तिथि 5 जून तक भी यह आंकड़ा मात्र 6,56,523 तक ही पहुंचा है।ताजा शासनादेश में शासन ने सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि राज्य कर्मचारी समूह क, ख, ग और घ को वर्क फ्लो जेनरेशन हर हाल में 10 जून तक और स्व मूल्यांकन आख्या 15 जून तक दर्ज कराएं।

**आयोजन** यूपीसीडा ने किया अहमदाबाद में रोड शो, निवेश के लिए दिया निमंत्रण, ललितपुर में स्थापित किया जा रहा है बल्क ड्रग पार्क

# यूपीसीडा ने उद्यमियों को बताईं बल्क ड्रग पार्क की खूबियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण प्रबंधन (यूपीसीडा) ने शुक्रवार को अहमदाबाद में उत्तर प्रदेश में फार्मास्यूटिकल सेक्टर में निवेश की संभावनाएं विषय पर रोड शो का आयोजन किया। इस दौरान फार्मा सेक्टर में काम कर रहे उद्यमियों को निवेश के लिए निमंत्रण दिया।

बल्क ड्रग पार्क ललितपुर में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया। साथ ही फार्मा सेक्टर में निवेश पर राज्य सरकार की तरफ से दी जाने वाली वित्तीय मदद के बारे में भी जानकारी दी। उद्यमियों को बताया गया कि ललितपुर में 1,472.33 एकड़ क्षेत्रफल में एक



उद्यमियों को सम्मानित करते यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी। अमृत विचार

बल्क ड्रग फार्मा पार्क का विकास किया जा रहा है। इसमें लगभग 250 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। यह परियोजना देश को फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और भारत को विश्व की फार्मेसी के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पार्क में लगभग 12000 करोड़ का निवेश होने का अनुमान है। इस परियोजना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 14000 लोगों को रोजगार मिलने की भी संभावना है। सीआईआई गुजरात फार्मा एवं हेल्थकेयर पैनल के संयोजक और सेनोरेस फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड के सीईओ स्वप्निल शाह ने पार्क में प्रस्तावित सुविधाओं की तारीफ की। यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में फार्मा पार्कों का तेजी से विकास किया जा रहा है। उन्होंने निवेश की प्रक्रिया, भूमि आवंटन और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. जीएन सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश फार्मा क्षेत्र में निवेश के लिए देश का सबसे उपयुक्त राज्य बनता जा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा फार्मा सेक्टर को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी भी साझा की। मयूर माहेश्वरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनकर उभर रहा है। राज्य सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। निवेशकों को आश्वस्त किया कि उन्हें सभी आवश्यक स्वीकृतियां, भूमि आवंटन, एवं अधोसंरचना सुविधाएं सिंगल विंडो व्यवस्था के माध्यम से त्वरित एवं पारदर्शी ढंग से उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम का समापन शाल्बी लिमिटेड के अध्यक्ष शनय शाह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सतत आर्थिक विकास के लिए उद्योग और सरकार के बीच सेतु स्थापित करने में यूपीसीडा और सीआईआई के प्रयासों की सराहना की।

## भोपाल में कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे उप्र. के लोक-कलाकार

**लखनऊ।** मध्य प्रदेश में भोपाल के जनजातीय संग्रालय की 12वीं वर्षगांठ समारोह में उप्र. के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे, इसी प्रकार मध्य प्रदेश के लोक कलाकार उत्तर प्रदेश में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस मौके पर प्रयागराज की सुप्रिया सिंह रावत के नेतृत्व में कलाकारों का एक दल देढ़िया नृत्य 9 व 10 जून को करेगा। मथुरा के मुराली लाल तिवारी के नेतृत्व में कलाकारों का दल 7 व 8 जून को चररकूला, मयूर नृत्य और होली रसिया जैसी प्रस्तुतियां देगा। उन्होने कहा कि इससे दोनों प्रदेशों में संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

## 50 करोड़ के 45 किलो सोने से दमक रहा है राममंदिर : नृपेंद्र

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने शुक्रवार को बताया भव्य राम मंदिर और परकोटे में स्थापित छह मंदिरों को स्वर्ण जड़ित किया गया है। जिसमें लगभग 45 किलो सोने का उपयोग किया गया है। कहा कि यह सोना सत्य प्रतिशत शुद्ध है। जिसका मूल्य टैक्स को छोड़कर लगभग 50 करोड रुपये है।

उन्होंने कहा कि मंदिर के भूतल में जिसमें राम लला विराजमान हैं, उसमें सभी दरवाजों में स्वर्ण का प्रयोग किया गया है।

**डा. हरिवंश राय बच्चन परास्नातक महाविद्यालय, ललऊखेड़ा (डीह) उन्नाव**

आवश्यकता है –

डी.एल.एड. पाठ्यक्रम हेतु प्राचार्य/ विभागाध्यक्ष एक पद एवं डी.एल.एड. के समस्त विषयों हेतु (एक–एक पद), प्राचार्य हेतु– एक पद। बीएड संकायाध्यक्ष हेतु– एक पद, बीएड संकाय के समस्त विषयों हेतु (प्रवक्ता), एक–एक पद परास्नातक स्तर हेतु। विज्ञान संकाय हेतु (प्रवक्ता) वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान (एक–एक पद), कला संकाय हेतु (प्रवक्ता) समाजशास्त्र, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, राजनीति विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र (एक–एक पद) स्नातक स्तर हेतु। विज्ञान संकाय हेतु (प्रवक्ता) बायोटेक्नोलॉजी, आईटी गणित, जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान (एक–एक पद) कला संकाय हेतु (प्रवक्ता) समाजशास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, गृह विज्ञान, शिक्षा शास्त्र, संस्कृत (एक–एक पद) वाणिज्य संकाय हेतु– बी.कॉम के सभी विषयों हेतु (दो पद) ।व्यवसायिक संकाय हेतु – बी.कॉम के सभी विषयों हेतु (दो पद) ।व्यवसायिक वर्ग हेतु – बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.लिब (एक–एक पद)

नोट– योग्यता यू.जी.सी. के मानकानुसार।

**विज्ञापन के एक सप्ताह के भीतर महाविद्यालय में सम्पर्क करें।**

सम्पर्क सूत्र मो. – 7054211507, 7054211502

ईमेल–dhrbdc@gmail.com, वेबसाइट – www.dhrbm.com

